अमूल्य वचन
जो ज्ञान मनुष्य को चिन्ता करने से प्राप्त नही होता है.. वो ज्ञान उसे परिस्थितियो से संघर्ष करने से प्राप्त हो जाता है...।

रतलाम एवं इन्दौर से प्रकाशित म.प्र. का गौरव
डाक पंजीयन नं. RTM/DN/MP 197/23-25
सांध्य दैनिक

# सिंघम टाईम्स

हर पहर की खबर
प्रधान संपादक : गोविन्द उपाध्याय
Makar Sankrati

singhamtimes@gmail.com | वर्ष : 13, अंक : 180 | रतलाम, मंगलवार 14 जनवरी 2025 | मूल्य : 2 रुपए | singhamtimes.com


## महाकुंभ का पहला अमृत स्नान

# तलवारें लहराते नागा साधु पहुंच `1 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया

**प्रयागराज ● एजेंसी**

महाकुंभ का पहला अमृत स्नान (शाही स्नान) मंगलवार सुबह 6.15 बजे से शुरू हुआ। संन्यासियों के हाथों में तलवार-त्रिशूल, डमरू। पूरे शरीर पर भभूत। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए नागा साधु-संत संगम पहुंच रहे हैं। निर्वाणी-निरंजनी अखाड़े के संत स्नान कर चुके हैं। अब महाकुंभ के सबसे बड़े जूना अखाड़े के संत संगम के लिए निकले हैं। आवाहन, अग्नि, किन्नर अखाड़े के संत साथ भी हैं। नागा साधु-संत करतब दिखाते हुए संगम तक पहुंच रहे हैं। नागा साधुओं का अमृत स्नान देखने के लिए संगम क्षेत्र में 15 से 20 लाख श्रद्धालु हैं। देश-दुनिया से आए भक्त साधु-संतों का आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हैं। कोई पैर छूने के लिए दौड़ रहा है तो कोई उनकी चरण रज माथे से लगा रहा है। प्रशांत कुमार ने कहा- सुबह 7 बजे तक 1 करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। तुर्किये से आई मुस्लिम महिला पिनार ने महाकुंभ में स्नान किया। कहा- महाकुंभ के बारे में दोस्तों से सुना था। भारत आकर इसे देखने की इच्छा काफी समय से थी। आज पूरी हो गई।



# चेतावनी: फर्जी वेबसाइटों से जारी हो रहे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र

**सिंघम रिपोर्टर ❒ भोपाल**

मध्य प्रदेश में इन दिनों कई फर्जी पोर्टल्स के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, जो पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य हैं। राज्य के आयुक्त, आर्थिक और सांख्यिकी विभाग, ऋषि गर्ग ने इस बात की जानकारी दी है और स्पष्ट रूप से बताया है कि केवल सरकारी वेबसाइट [https://dc.crsorgi.gov.in/](https://dc.crsorgi.gov.in/) से ही वैध जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाए जाएं।

यदि कोई व्यक्ति इन फर्जी वेबसाइटों से प्रमाण पत्र बनवाने की कोशिश करता है, तो वह न केवल धोखाधड़ी के शिकार हो सकता है, बल्कि ऐसे प्रमाण पत्र किसी भी सरकारी योजना या जनकल्याणकारी कार्यक्रम में स्वीकार्य नहीं होंगे। इस संदर्भ में, विभाग ने नागरिकों को चेतावनी दी है कि किसी भी अन्य माध्यम से बने प्रमाण पत्रों से बचें, क्योंकि वे पूरी तरह से अवैध हैं।

**यदि ऑनलाइन आवेदन में कठिनाई हो तो क्या करें?**- ऋषि गर्ग ने यह भी बताया कि यदि किसी व्यक्ति को ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने में परेशानी हो रही है, तो वह संबंधित पंजीयन इकाई से संपर्क कर सकता है। उदाहरण के तौर पर नगरीय इकाइयाँ- यदि जन्म या मृत्यु किसी निजी अस्पताल में हुई है, तो संबंधित नगर निगम, नगर परिषद या नगर पंचायत में आवेदन करके प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों- यदि जन्म या मृत्यु गांव में हुई है, तो उस क्षेत्र की ग्राम पंचायत में आवेदन करने पर प्रमाण पत्र बनेगा।

### क्यों खतरनाक हैं फर्जी पोर्टल्स?

फर्जी वेबसाइटों से प्रमाण पत्र बनवाना न केवल कानूनी रूप से गलत है, बल्कि इससे नागरिकों को धोखाधड़ी का भी सामना करना पड़ सकता है। इन वेबसाइटों के जरिए प्राप्त प्रमाण पत्र किसी भी सरकारी सेवा या योजना में मान्यता प्राप्त नहीं होंगे और इससे व्यक्ति को कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए नागरिकों को यह सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अन्य वेबसाइट पर जाने से बचें और केवल सरकारी पोर्टल का ही उपयोग करें।

# कुशल संगठक प्रदीप उपाध्याय को पुनः मिली भाजपा जिलाध्यक्ष की कमान...

**सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम**

बहुप्रतिक्षित भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा बीती रात हुई जिसमें रतलाम भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय को पुनः जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। श्री उपाध्याय वर्तमान में एक वर्ष से जिलाध्यक्ष है, हालांकि उनका प्रदेश के मुखिया डॉ.मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा का नजदीकी एवं मजबूत संबंध है, लेकिन यह बात अलग है, उन्होंने एक वर्ष के अपने जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में एक कुशल संगठक के रुप में अपनी प्रमुख भूमिका निभाई थी। आप भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों समेत जिले के जनप्रतिनिधियों, विधायकों एवं प्रमुख ओहदे पर बैठे सभी लोगों को साधने में सफल रहे, जनता-जनार्दन की समस्या हो अथवा प्रशासन में ढिलाई हो वे अपने स्तर से उस समस्या के समाधान में अपनी प्रमुख भूमिका निभाने में अग्रणी रहे और यही कारण है कि उन्हें शीर्ष नेतृत्व ने एक बार पुनः भाजपा जिलाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी सौंप दी। श्री उपाध्याय की नियुक्ति पर रतलाम में खुशियां छा गई। आतिशबाजी की गई और कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर श्री उपाध्याय का पुष्पमालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दी।



# ब्राह्मण दंपतियों को चार संतान पर एक लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा, राजनीति में मचा हंगामा

इंदौर। मध्य प्रदेश में परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया ने इंदौर में आयोजित सनाढ्य ब्राह्मण सभा के परिचय सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि जो ब्राह्मण दंपति चार बच्चों का जन्म देंगे, उन्हें परशुराम कल्याण बोर्ड की ओर से एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। यह बयान राजौरिया ने युवा दंपतियों के बीच बच्चों की संख्या कम होने को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए दिया और अपील की कि कम से कम चार बच्चे पैदा करने का प्रयास करें।

राजौरिया ने यह भी कहा कि देश में ब्राह्मणों की आबादी 1951 की तुलना में आधी हो गई है, जबकि गैर-हिंदू समुदायों की आबादी तेजी से बढ़ रही है। उनका मानना है कि अगर यह स्थिति जारी रही, तो आने वाले समय में देश को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, इस बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने इसे जनसंख्या वृद्धि और पर्यावरण असंतुलन के मुद्दों से जोड़ा, जबकि भाजपा ने इसे राजौरिया का व्यक्तिगत विचार बताया और पार्टी से अलग रखा।

इस घोषणा ने राज्य में जनसंख्या वृद्धि और समाज की बदलती धारा पर

# दुश्मनों के छक्के छुड़ाने आई स्वदेशी नाग Mk 2 मिसाइल, अचूक निशाना

**पोखरण।** भारतीय सेना ने स्वदेशी तकनीक से विकसित तीसरी पीढ़ी की एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल नाग एमके 2 का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण राजस्थान के जैसलमेर जिले स्थित पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में 13 जनवरी 2025 को किया गया।

नाग एमके 2 मिसाइल फायर-एंड-फॉरगेट तकनीक पर आधारित है, जिसका मतलब है कि एक बार निशाना लगाने के बाद यह मिसाइल अपने लक्ष्य को खुद ही सटीकता से नष्ट कर देती है, और इसके लिए फायर किए जाने के बाद किसी और हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती। इस मिसाइल की अचूक सटीकता और प्रभावशाली क्षमता से भारतीय सेना की ताकत में और वृद्धि हुई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित यह मिसाइल विशेष रूप से दुश्मन के टैंकों और बख्तरबंद वाहनों को निशाना बनाने के लिए डिजाइन की गई है। इसकी क्षमता दुश्मन के किलेबंदी और मजबूत रक्षा प्रणालियों को चुनौती देने में सक्षम बनाती है।


SRP PUMPS & PIPES
पम्पस प्राइवेट लिमिटेड
अधिकृत विक्रेता
Submersible pumpsPvc Pipes CablesPipe fittingsAir coolerWater tanksStarters and sparesWinding wire
SRP PUMPS PRIVATE LIMITED
135, STATION ROAD, RATLAM
MOB : 8989186685PP, 9752232121

पीढ़ी दर पीढ़ी- वहीं स्वाद-वहीं विश्वास
सुप्रसिद्ध लादुराम के नमकीन एवं स्वीट्स
फोन : 07412 244413
रतलामी नमकीन निर्माता एवं निर्देशक
त्रिपोलिया रोड़, चांदनीचौक, रतलाम

।। श्री गणेशाय नमः ।।
सेठश्री ज्वेलर्स
एक रिश्ता विश्वास का
बिछिया, पायल की अनेक वैरायटी उपलब्धभगवान के पात्र मिलने का एकमात्र स्थान
नोट- राजपूतानी ज्वेलरी ऑर्डर पर बनाई जाती है।
इंदर प्यारेलाल सोनी
(सोना-चांदी के आभूषणों के निर्माता-विक्रेता)
28, धनजीबाई का नोहरा, चांदनी चौक
रतलाम, मो. 9479425126, 9301209432

KARPO INDIA | DESIGN STORIEZ
कंस्ट्रक्शन वर्क विथ मटेरियल इंटीरियर वर्क विथ मटेरियल प्लानिंग, एलिवेशन | इंटीरियर डिजाइनर (Ratlam-Pune )
KARTIK DALAL BE. (Civil) Mo : 98270-98929 | POONAM DALAL SHARMA Mo : 94248-98729
इंटीरियर विथ मटेरियल एवं कंस्ट्रक्शन इंटीरियर वर्क्स
20, स्टेडियम मार्केट, दो बत्ती, रतलाम (म.प्र.)

रतलाम fg इंदौर
फैशन घर®
सब कुछ वही जगह नई...
"राजपुतानी पोषाखों का एकमात्र शोरूम"
पधारो बाईसा
चांदी के वर्क की पोशाकों का ऑर्डर लिया जाता है
राजपुतानी पोषाखें | वैवाहिक साड़ियां | डिजाइनर लहंगा-चुन्नी
हंटिंग कोट एवं ब्रिजिस | शूटिंग शर्टिंग एवं साफे | राजपुतानी ड्रेस मटेरियल
पता : 52, धनजीबाई का नोहरा (अग्रवाल धर्मशाला के पास), रतलाम
07412-355406 89895-26833
पता : 71, श्रीनगर मेन रोड, आनंद बाजार के पास, इंदौर
94253-29833 97550-88191

परिचय सम्मेलन में पधारे हुए सभी क्षत्रिय एवं क्षत्राणियों का हार्दिक अभिनन्दन..
आपकी संतुष्टी हमारा प्रयास
Prabhat Events
प्रभात इवेन्ट्स
शाही बाजोट | वुडन फ्लोर
बलरामसिंह डोडिया
9425129216
9893833831
7, शुभम रेसीडेन्सी, रतलाम (म.प्र.) मो. 9589427222

एंगल्स, पत्ती, टीएमटी सरिया, गार्डर, चैनल, लोहे के पाइप्स, सीमेंट, नालीदार चद्दर एवं शीट्स के व्यापारी एवं विक्रेता
प्रो. राहुल चौरड़िया | 8, पॉवर हाउस रोड, रतलाम, फोन : 235238, 403430
TATA STEEL #WeAlsoMakeTomorrow | TATA WIRON
WIRON AAYUSH™ With patented coating Technology Tashiel-1000
अधिकृत विक्रेता P चौरड़िया & कंपनी रतलाम मो. 9425195722
1800 345 8282 Wiron.marketing@tatasteel.com

## सिंघम लेटेस्ट

### युवा दिवस मनाया



**धराड़,सिंघम रिपोर्टर।** स्वामी विवेकानन्द जयंती पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम का संचालन करते हुए गेम शिक्षक अशोक व्यास द्वारा सामूहिक युवा दिवस, सुर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि विक्रम सिंह राठौर धराड़ मण्डल अध्यक्ष कमलेश पाटीदार, प्राचार्य समरथ सिंह भूरिया एवं स्टाफ व उपस्थित गणमान्य नागरिक तथा छात्र छात्राओं ने सहभागिता की व स्वामी विवेकानन्द जयंती पर युवा दिवस, सुर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया गया।

### नमो ग्रुप द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई



**धराड,सिंघम रिपोर्टर।** युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती नमो ग्रुप फाउंडेशन द्वारा हनुमान ताल परिसर में विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम से मनाई गई नव वर्ष 2025 की प्रथम बैठक संपन्न हुई जिसमें में नव नुक्त जिला अध्यक्ष पंडित ईश्वर व्यास व जिला प्रभारी पद पर नवनियुक्त हुऐ कैलाश चंद्र शर्मा का स्वागत किया गया ग्रुप के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों से ग्रुप विस्तार की चर्चा कर उनके सुझाव प्राप्त किए गए और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने की अपील की उपरोक्त बैठक में प्रदेश व जिला के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### मकर संक्रांति पर स्वाहार, दान कर कमाया पुण्य

**बड़ावदा सिंघम रिपोर्टर।** जिले में मकर संक्रांति धूमधाम के साथ मनाई गई। मंदिरों में पूजन किया गया। लोगों ने धार्मिक नदी में स्नान किया। तिल और गर्म कपड़ों का दान किया और अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। शहर में जगह-जगह लोगों ने भंडारे लगाकर खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया।



**एक अच्छा कार्य** -हाट बाजार स्थित बड़केश्वर भोले नाथ मंदिर के पास श्री राम सेवा समिति द्वारा आलू बड़े वितरण गए । इस मौके समिति के सदस्य पंकज कुमावत, जगदीश पड़ियार, नंदकिशोर पड़ियार, वाशु देव मालिवाड़ आदि उपस्थित रहे। समिति द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर के चौराहा समिति द्वारा नास्ता वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस प्रकार की व्यस्था देख दान लेने वालों मे खुशी कि लहर दौड़ गयी और प्रन्नसा की गयी!

### जीव और परमात्मा का मिलन ही महाकुंभ है-प्रभावती जी



**धराड़,सिंघम रिपोर्टर।** सनातन धर्म की समृद्ध संस्कृति का महत्व और विशाल उत्सव है महाकुंभ। मन रूपी समुद्र के मंथन से निसृत अमृत-कुंभ की बूंदों को जीवन में अंगीकार करने का अवसर है कुंभ। योग, ज्ञान, जप, तप और भक्ति का अनुपम समागम, तपस्वियों, सन्यासियों और संतों का दर्शन व सानिध्य लाभ प्राप्त कर जीवन में धन्यता प्राप्त करने का अद्वितीय अवसर है महाकुंभ। यह संदेश श्री सतपाल महाराज की शिष्या प्रभावती जी ने महाकुंभ पर्व पर दिया। मानव धर्म मंदिर में हुए सत्संग में उन्होंने कहा कि कुंभ का शाब्दिक अर्थ घट या घड़ा है। आध्यात्मिक भाषा में घट का तात्पर्य हृदय। इस मौके पर उपस्थित साध्वी शारदा जी ने ज्ञान-भक्ति, वैराग्य से ओतप्रोत मधुर भजन प्रस्तुत करते हुए कहा कुंभ मेला भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, क्योंकि यहां प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्वों को आत्मसात कर धर्म के प्रति जागरूक होता है। सनातन धर्म के अनुसार जीवन केवल भौतिक सुखों के लिए नहीं है, बल्कि आत्मा के शुद्धिकरण और जीवन को उच्चतम आदर्शों पर जीने के लिए है। कुंभ मेले में श्रद्धालु अल्पवास कर इस भाव को जागृत करते हैं और जीते हैं। कुंभ मेला सीखाता है कि हर व्यक्ति में समान दिव्यता और परमतत्व का समावेश है, फिर चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या समुदाय से हों। समिति के छोटेलाल पंवार,भेरुलाल गेहलोत,कमला शंकर पाठक, रामचंद्र शर्मा, संतोष पंवार, कैलाश भाटी, मानसिंह सोनगरा, गुरु प्रसाद,वर्दीचंद वर्मा,गनी मोह मद,उषा उपाध्याय, कृष्णा बेनर्जी आदि अध्यात्म प्रेमी उपस्थित थे।

# जाल में फंसी मछली मल्लाह के लिए सम्पत्ति हैं, लेकिन मछली के लिए विपत्ती : शंकराचार्य ज्ञानानंद जी

## शंकराचार्य जी के साथ पधारे 15 दण्डी स्वामियों का सम्मान कर प्रयागराज कुंभ के लिए किया रवाना

**सुज़ान कोचट्टा ❑ जावरा**





संसार में जो भी मिलते हैं, उन्है बिछडऩा पड़ता ही पड़ता हैं, जैसे पानी और बालु मिलते हैं फिर बिछड़ जाते हैं, ठीक उसी प्रकार सभी संसार में मिलते हैं और बिछड जाते हैं। जाल में फंसी मछली मल्लाह के लिए तो सम्पत्ति हैं, लेकिन मछली के लिए विपत्ती हैं। लेकिन मछवारों का कर्म हैं मछली पकडऩा।

यह बात श्रीगीता भवन ट्रस्ट जावरा द्वारा श्री गीता जयंती महामहोत्सव के उपलक्ष्य में सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा कथा का रसपान करवाते हुए कथा के छठे दिन शनिवार को जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानन्दजी तीर्थ ने कहीं। शंकराचार्य जी ने कहा कि कंस की प्रवृति क्रुर हैं, इसलिए उसने भगवान श्रीकृष्ण और बलराम को धनुष यज्ञ में बुलाने के लिए अक्रुर जी को गोकुल भेजा, किंतु अक्रुर जी जानते थे कि कंस ने उन्है वध के लिए बुलाया हैं, लेकिन अक्रुरजी भी भगवान के दर्शन को लालायित थे, इसलिए वे भी बगैर किसी संकोच के गोकुल पहुंच गए। कथा के दौरान अभिभाषक आईपी त्रिवेदी ने रश्मिरति कविता का गायन किया। राजेन्द्र श्रोत्रिय ने राष्ट्रीय कविता सुनाई। कथा के अंतिम दिन रविवार को दोपहर 1 बजे राष्ट्रसंत नमन वैष्णव भी श्रृद्धालुओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करेंगे।

कथा के छठे दिन कथा के दौरान सेवानिवृत मंडी अधिकारी कैलाशचन्द्र श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी स्व. सुशीलाबाई की स्मृति को गीता भवन ट्रस्ट को 51 हजार रुपए की राशि भेंट स्वरुप प्रदान की। जिस पर ट्रस्ट अध्यक्ष व ट्रस्ट्रियों द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया गया। कथा के दौरान शंकराचार्यजी के साथ आए 15 दण्डी स्वामियों का भी सम्मान सनातन महिला मंडल और गीता भवन ट्रस्ट द्वारा शॉल श्रीफल और भेंट प्रदान कर सम्मान कर उन्है प्रयागराज कुंभ हेतु रवाना किया।

सात दिवसीय कथा के छठे दिन पौथी पूजन का लाभ झामनदास, भंवरलाल पाण्डेय, पीटी क्षीरसागर, जगदीश कुमावत, जगदीश उपमन्यु, केएन कुमावत ने लिया। शाम को आरती का लाभ ट्रस्ट अध्यक्ष व विधायक डॉ राजेन्द्र पाण्डेय के साथ तहसीलदार पिपलौदा देवेन्द्र दानगढ़, कल्याणमल अग्रवाल परिवार के राधेश्याम अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्रूक्ष ब्रदीलाल शर्मा सुखेड़ा, रामनिवास शर्मा, भाजपा नपा पार्षद दल के रजत सोनी, शिवेन्द्र माथुर अनिल मोदी, कालू कदम, होकमसिंह आंजना, विनोद शर्मा, सुभाष पांचाल सरपंच शुजापूर, अजय पाण्डेय, ईश्वरलाल सरपंच, मंडल अध्यक्ष सुखेड़ा रितेश जैन, मांगीलाल गुप्ता, तुलसीराम शर्मा के साथ सनातन महिला मंडल की सदस्याओं ने लिया। आरती के बाद भक्तों को प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान समिति के गीता भवन ट्रस्ट अध्यक्ष व विधायक डॉ राजेन्द्र पाण्डेय, सचिव अशोक सेठिया, सह-संयोजक कैलाश नारायण विजयवर्गीय, आयोजन समिति सदस्य हरिनारायण अरोड़ा, डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय, मोहन पटेल, राजेन्द्र श्रोत्रिय, गायत्रीप्रसाद मंडलोई, प्रकाशचन्द्र खण्डेलवाल के साथ संत सेवा समिति के दशरथ कसानिया, मनोहर पांचाल, जगदीश कुमावत, दिलीप हेमावत, विनोद अग्रवाल, मनोहरसिंह चौहान आदि उपस्थित रहे। संचालन गीता जयंति महोत्सव संयोजक अभिभाषक आई.पी. त्रिवेदी ने किया।

# अनाधिकृत कॉलोनियों में विकास शूल्क जमा करने नपा ने लगाया शिविर, नागरिको ने जमा की 5 लाख से अधिक की राशि

**सिंघम रिपोर्टर ❑ जावरा**



नाना साहब के मौहल्ले के पास में जावरा नगर पालिका परिषद् द्वारा 2016 के पूर्व की अवैध कॉलोनियों को मध्यप्रदेश नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी एवं कलेक्टर जिला रतलाम के आदेश पर जावरा नगर की 41 अनधिकृत कॉलोनियों में विकास शुल्क जमा करने हेतु कॉलोनी सेल एवं राजस्व विभाग नगर पालिका परिषद् का संयुक्त केम्प का आयोजन कर अनधिकृत कॉलोनी नाना साहब के मौहल्ले के पास -2 सर्वे क्रमांक 558 कॉलोनी में रहवासीयों से नागरिक अधोसंरचना अंतर्गत शुल्क राशि रू. 5,57,963/- जमा किया गया। उक्त कॉलोनी में लगभग 60 प्रतिशत नागरिकों ने अतिउत्साह के साथ विकास शुल्क जमा करवाया। आयोजित केम्प नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष अनम मो. युसुफ कड़पा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के आदेशानुसार रखा गया। आयोजित केम्प में उक्त कॉलोनी के रहवासियों को कॉलोनी में मुलभुत सुविधाऐं प्रदान हो व कॉलोनियों का विकास किया जा सकें। इस हेतु जावरा नगरपालिका परिषद् उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, पुर्व नगरपालिका अध्यक्ष मो. युसुफ कड़पा एवं क्षेत्रिय पार्षद सुलेमान सेठ ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में विकास शुल्क जमा करवाने हेतु प्रेरित किया।

**विकास शुल्क जमा करने की अपील -**

जावरा नगर की शेष 40 अनधिकृत कॉलोनियों के रहवासियों से भी अपील करते हुए विकास शुल्क जमा करवाये ताकि उन कॉलोनियों में भी वहा के नागरिकों को नगरपालिका परिषद् द्वारा कॉलोनी में नागरिक अधोसंरचना अंतर्गत मुलभुत सुविधाऐं प्राप्त हो सकें। नगर पालिका की ओर से अरूण ओझा (राजस्व शाखा प्रभारी), विकास त्रिवेदी (राजस्व लिपिक), सिद्दीक बैग (कॉलोनी सेल लिपिक), शेहजाद अली (जलकर लिपिक) एवं माजीद खान आदि उपस्थित रहें।

अभिनंदन ऑटोमोबाईल्स
होलसेल एवं रिटेल
लुबरिकेन्ट्स ऑईल & ग्रीस, टायर ट्यूब, ओमनी पेच, आईल ग्रीस के विक्रेता
डीलर : CEAT & J.K. टायर
जितेन्द्र टांक — मो. 94259 26767
लक्ष्मीनारायण टांक — 94259 26768
310/ महू-नीमच रोड़ इप्का गेस्ट हाउस के सामने, रतलाम
07412357460,9399310476
आवश्यकता है
घर एवं दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार।

# गुरु के बताए मार्ग पर प्रश्न चिन्ह का सवाल ही नहीं उठाना चाहिए - डॉ राजेन्द्र त्रिवेदी

## भारत विकास परिषद ने मॉडल स्कूल में विवेकानंद गुरु वंदन का आयोजन

**सिंघम रिपोर्टर ❑ जावरा**



गुरु के प्रति श्रद्धा होनी चाहिए, उनके बताए मार्ग पर प्रश्न चिन्ह का सवाल ही नहीं स्वामी रामकृष्ण ने स्वामी विवेकानंद को ऐसा मार्ग बताया कि आज हम उसका अनुसरण करें तो सफलता निश्चित प्राप्त होगी। स्वामी विवेकानंद राष्ट के वह महानायक है जो आध्यात्म वाद व राष्ट्रवाद के प्रतीक हैं।

उक्त विचार भारत विकास परिषद अध्यक्ष डा राजेंद्र त्रिवेदी ने मॉडल स्कूल में छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद की गुरु वंदना में कहे। इस अवसर पर सचिव देवेंद्र भारद्वाज ने भारत विकास परिषद द्वारा राष्ट निर्माण में छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में भागीदार बनाकर कर्तव्यशील नागरिक बनाना भारत विकास परिषद का उद्देश्य बताया। प्राचार्य निर्मला बैरागी ने परिषद के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नई पीढ़ी मैं सेवा संस्कार राष्ट्रवाद की भावना जागृत करने के लिए सराहना की परिषद द्वारा इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा भारत विकास परिषद की विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल होकर श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने प्रमाण पत्र वितरित किए। विद्यालय की प्राचार्य निर्मला बैरागी को उनके हिंदी में किए कार्यों तथा विद्यालय में श्रेष्ठ प्रबंधन पर सम्मानित कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में परिषद संस्कार प्रकोष्ठ के गोपाल सेठिया ने भी संबोधित किया। संचालन महेश कुमार नोटिया ने किया। आभार सेवा प्रकोष्ठ के लोकेश पडया ने माना।

SUMEET
TOURS & TRAVELS



शादी, पार्टी एवं तीर्थ यात्राओं के लिए लग्जरी बसें सदैव उपलब्ध
बुकिंग ऑफिस : 74, न्यू रोड, रतलाम
फोन : 07412-244407, मो. 9893092977



### काटजू स्कूल मिनीपुरा में हुआ सूर्य नमस्कार

**जावरा,सिंघम रिपोर्टर।** नगर के मिनीपुरा स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय काटजू क्रमांक एक में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाई गई। इस मौके पर स्कूल प्रांगण में सामुहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद पेपा पहलवान उर्फ मेहमूद हुसैन मौजूद रहे। जबकि वार्ड पार्षद सुलेमान खां विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित थे। युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सूर्य नमस्कार में कड़कड़ाती ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। वहीं विद्यार्थियों को स्वल्पाहार दिया गया। इस दौरान संस्था प्रधान शकीला खानम, शिक्षिका नूरजहां खान, फातमा खान, फरजाना खान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात संस्था प्रधान श्रीमति खानम ने नेताद्वय को स्कूल में पानी की टँकी, कुर्सियों की कमी सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। इस पर पूर्व पार्षद पेपा पहलवान ने पानी की टँकी रखवाने और सीमेंट की कुर्सियों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। साथ ही क्षेत्र के सफाई दरोगा को मोबाईल लगा कर विद्यालय परिसर में नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए।

### कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-रतलाम (म0प्र0)

modgmrat@mp.gov.in

क्रमांक / 1940 / खनिज / 2024-25 — रतलाम, दिनांक 08/01/2025

म0प्र0 गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18(1-क) के तहत उत्खनिपटटा प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अजय कुमार पिता श्री रतनलाल, निवासी ग्राम बामनखेड़ी, तह0 जावरा, जिला रतलाम द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 06/01/2024 को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथी से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपटटा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नबंर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का प्रकार | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रतलाम | जावरा | मातामेलकी | 330 | 4.000 हे0 | शासकीय | क्रेशर आधारित पत्थर एवं एम-सेंड उ0प0 | — |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र.गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पत्र में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

खनि अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-रतलाम (म.प्र.)

जी-21587/24

### कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-रतलाम (म0प्र0)

modgmrat@mp.gov.in

क्रमांक / 1943 / खनिज / 2024-25 — रतलाम, दिनांक 08/01/2025

म0प्र0 गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18(1-क) के तहत उत्खनिपटटा प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनोद टांक पिता श्री रामचन्द्र टांक, निवासी ग्राम सरवड़, तहसील व जिला रतलाम द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 06/01/2024 को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथी से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपटटा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नबंर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का प्रकार | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रतलाम | रतलाम | सरवड़ | 320/2 535/1 | 1.000 हे0 | शासकीय एवं निजी भूमि | क्रेशर आधारित पत्थर एवं एम-सेंड उ0प0 | — |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र.गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पत्र में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

खनि अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-रतलाम (म.प्र.)

जी-21586/24

## सिंघम लेटेस्ट

### राखी थोरेचा उत्कृष्ट कार्य हेतु एशियन एक्सीलेंस अवार्ड से अहमदाबाद में सम्मानित

**रतलाम।** ब्युटी क्लब एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे रतलाम की राखी मेकओवर संस्थान से ब्राज़ीलियन आर्टिस्ट पारसीला लूसा से प्रशिक्षित राखी थोरेचा को उनके द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु एशियन एक्सीलेंस अवार्ड से अहमदाबाद में सम्मानित किया। राखी नेल आर्ट की ऑफिशियल ब्रांड एग्जीक्यूटर है इनके पार्लर में मेकअप नेल्स हेयरस्टाइल के कोर्स सिखाए जाते हैं।

### आरक्षित पद पर भर्ती हेतु पात्र/अपात्र आवेदनों की अंतरिम सूची का प्रकाशन

**रतलाम ।** विशेष भर्ती अभियान के तहत ग्राम पंचायत सचिव दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद 01 पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों पत्रों का परीक्षण उपरांत अंतरिम वरियता सूची तैयार की जाकर पात्र, अपात्र आवेदनों की अंतरिम सूची का प्रकाशन 10 जनवरी को कार्यालय जिला पंचायत रतलाम के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। जिस किसी भी अभ्यर्थी को उक्त सूची में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूची प्रकाशन की तिथि से 17 जनवरी तक (अवकाश दिवस को छोडकर) कार्यालयीन समय में सायं 5.00 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय में लिखित रुप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### राष्ट्र समर्थ देवी अहिल्या की पुण्य गाथा नाट्य प्रस्तुति 29 को

**रतलाम ।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के 300 वे जन्म वर्ष को संपूर्ण प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस तारतम्य में आगामी 29 जनवरी को रतलाम में राष्ट्र समर्थ देवी अहिल्या की पुण्य गाथा नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी। प्रस्तुति में 45 कलाकार होंगे जिसकी अवधि 1 घंटा 30 मिनट की रहेगी। शासन के निर्देश अनुसार कलेक्टर श्री राजेश बाथम ने आवश्यक तैयारी के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रृंगार श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी तथा निगम आयुक्त श्री हिमांशु भट्ट को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### आधार पंजीयन कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

**रतलाम ।** जिले के शासकीय परिसरों में आधार पंजीयन, अद्यतन कार्य के लिए जिला ई गवर्नेंस सोसायटी रतलाम में उपलब्ध 5 नग आधार मशीनों के आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक आगामी 27 जनवरी की शाम 5ः00 बजे तक अपना आवेदन कार्यालय कलेक्टर रतलाम कक्ष क्रमांक 121 में प्रस्तुत कर सकते हैं। जिन शासकीय परिसरों में कार्य करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, उनमें कार्यालय जनपद पंचायत रतलाम, कार्यालय जनपद पंचायत सैलाना, तहसील कार्यालय सैलाना, कार्यालय जनपद पंचायत बाजना तथा कार्यालय जनपद पंचायत जावरा सम्मिलित है। विस्तृत जानकारी कार्यालय कलेक्टर ई गवर्नेंस रतलाम से प्राप्त की जा सकती है।

### विकासखंड स्तर पर 28 जनवरी तक होगा आयोजन

**रतलाम ।** प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन आनंद विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 14 जनवरी से 28 जनवरी 2025 तक समस्त मध्य प्रदेश में आनंद उत्सव मनाया जा रहा है। राज्य स्तरीय इस उत्सव का आयोजन रतलाम जिले में भी सभी विकास खंड स्तर पर किया जा रहा है। यह उत्सव लोगों को आनंद की अनुभूति दिलाने के लिए आयोजित किया जाता है। आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं वरन सहभागिता होगी। इस आयोजन में वृद्धजन, दिव्यांग, युवा एवं महिलाएं सहभागिता करेंगे। रतलाम जिले में आयोजन को सफल ओर लोकलुभावन बनाने हेतु नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। इस आयोजन में कबड्डी, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, रस्सी कूद, ऊंची कूद, बोरा दौड़ जैसे अन्य पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। वहीं स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने हेतु भजन, कीर्तन, नृत्य एवं नाटक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की

### जूडो कराते आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन

**रतलाम ।** आज जिस तरह महिलाओं के साथ घटनाएं हो रही है उस अवस्था में होने वाली घटनाओं के संदर्भ मे महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण बहुत अधिक प्रासंगिक है । प्रशिक्षण प्राप्त छात्राएं अन्य छात्राओं को सिखाकर उनको भी आत्म रक्षा हेतु प्रशिक्षित कर सकती हैं तथा वह अपनी एवं अपने साथियों की रक्षा करने में सक्षम होगी। उक्त विचार सात दिवसीय जूडो कराते आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ सुरेश कटारिया ने व्यक्त किए। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम में विगत सात दिवस से जूडो कराते एवं मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्रशिक्षक अभिषेक शर्मा एवं सुश्री दिशा बडग़ोतिया द्वारा छात्राओं को दिया जा रहा है। जिसके आज समापन अवसर पर छात्राओं को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. सुनीता श्रीमाल ने कहा कि महाविद्यालय में विगत अनेक वर्षों से महिला आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहा है। छात्राएं उत्साहपूर्वक इन प्रशिक्षण शिविर में शामिल होकर लाभान्वित हो रही हैं। जूडो कराटे एवं मार्शल आर्ट प्रशिक्षक अभिषेक शर्मा एवं सुश्री दिशा बडग़ोतिया को प्राचार्य सुरेश कटारिया द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं । समापन कार्यक्रम में डॉ. अनामिका सारस्वत डॉ. मीना सिसोदिया प्रो. नारायण विश्वकर्मा डॉ. संध्या सक्सेना डॉ. वी.एस. बामनिया, डॉ. रितिका श्रीवास्तव, डॉ. दिवाकर भटेले, डॉ. निशा निमावत एवं भूतपूर्व छात्र जूडो कराटे प्रशिक्षक सोनम चौहान, कालू डावर एवं रमेश माली के साथ ही छात्राएं उपस्थित थी।



## रतलाम स्थापना दिवस को लेकर महिलाए एवं बालिकाओं ने तलवारबाजी की

रतलाम। अमृत सागर उद्यान के पास हनुमान बाग में बालिकाओं एवं महिला के लिए तलवारबाजी का प्रशिक्षण श्रीमती राखी व्यास के सानिध्य में दिया जा रहा है जिसका समय दोपहर 3ः00 से शाम 5ः00 बजे तक है यह तलवारबाजी का प्रशिक्षण रतलाम स्थापना महोत्सव के कार्यक्रम में दिखाया जाएगा। इस प्रशिक्षण में राखी व्यास, नीना निरंजनी, ज्योति सोनी, प्रीति गोयल, रौनक कुमावत, भीनी, भूमि आदि बालिकाएं एवं महिलाएं उपस्थित रही। जो भी महिला स्वेच्छा से तलवारबाजी का प्रशिक्षण लेना चाहती है वह हनुमान बाग में आमंत्रित है उक्त जानकारी राखी व्यास ने दी।

**जिला कार्यालय मे किया संविधान गौरव दिवस और मन की बात मे सहभागिता का आव्हान**

## भाजपा प्रदेश महामंत्री सबनानी ने नवीन कार्यालय भवन हेतु भूमि की रजिस्ट्री कराई

सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम

भारतीय जनता पार्टी के नवीन कार्यालय भवन का अब जल्द ही निर्माण हो सकेगा। सोमवार को प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने रतलाम आकर कार्यालय की भूमि हेतु रजिस्ट्री कराई और बाद मे जिला कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय को रजिस्ट्री सौंप दी। उन्होंने जिला कार्यालय मे भाजपा मंडल अध्यक्ष , मंडल प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। इसमें संविधान गौरव दिवस व मन की बात कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान् किया।

भाजपा के सर्वसुविधा युक्त कार्यालय भवन हेतु शहर के प्रतापनगर क्षेत्र मे 1 बीघा से अधिक भूमि क्रय की गई है। इस भूमि की रजिस्ट्री हेतु भाजपा मुख्यालय ने प्रदेश महामंत्री श्री सबनानी को अधिकृत किया था। उन्होने रतलाम के जिला पंजीयक कार्यालय मे रजिर्स्ट्री कराई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय एवं मंडल अध्यक्ष नीलेष गांधी उपस्थित रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश महामंत्री श्री सबनानी ने रजिर्स्ट्री सम्पादन के बाद पैलेस रोड़ स्थित जिला कार्यालय मे बैठक ली। इसमें कार्यालय के नए भवन हेतु क्रय की गई भूमि की रजिस्ट्री जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय को प्रदान की गई। इस दौरान जिला सह निर्वाचन अधिकारी बजरंग पुरोहित , संविधान गौरव दिवस व मन की बात के प्रभारी जिला महामंत्री निर्मल कटारिया मंचासीन रहे। बैठक मे श्री सबनानी ने कहा कि संविधान की 75वीं गौरवशाली यात्रा पर भाजपा संविधान गौरव अभियान के तहत् कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है। सभी कार्यक्रमों मे कार्यकर्ता उपस्थित होकर गौरव पूर्ण संविधान की भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाए। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी मन की बात कार्यक्रम मे भी अधिक से अधिक जन सहभागिता होनी चाहिए। श्री सबनानी ने कहा कि संगठन पर्व के तहत् चुनाव की प्रक्रिया जिले मे जल्द ही पूर्ण हो जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.सुमेर सिंह सोलंकी द्वारा जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की जायेगी। बैठक के आरंभ ने भारत माता एवं भाजपा के पितृ पुरुष पं.दीनदयाल उपाध्याय, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। संचालन जिला महामंत्री निर्मल कटारिया ने किया आभार संविधान गौरव दिवस टोली के सहसंयोजक जिला उपाध्यक्ष महेश सोनी ने माना। सहसंयोजक शैलेन्द्र सिंह सिसोदिया, ओमप्रकाश बोरिया एवं मंडल अध्यक्ष व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### नि:शुल्क समग्र ईकेवाईसी हेतु नगर निगम द्वारा 4 स्थानों पर शिविरों का आयोजन

सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु नागरिक अपनी समग्र आईडी को आधार कार्ड या मोबाईल नम्बर से ईकेवाईसी करवाना सुनिश्चित् करें।

नगर के ऐसे नागरिक जिन्होने समग्र आईडी को आधार से ईकेवाईसी नहीं करवाया है वे अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, आईटी सेल नगर निगम रतलाम, अमृत सागर उद्यान व हरमाला पम्प हाउस पर आयोजित षिविर में कार्यालयीन समय में समग्र आईडी व आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर समग्र आईडी को आधार कार्ड से नि:षुल्क ईकेवाईसी करवाये।

निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु समग्र से ईकेवाईसी करवाना अनिवार्य है। नागरिक समग्र ईकेवाईसी स्वंय भी कर सकते हैं। आधार में मोबाईल नम्बर अपडेट है तो नागरिक समग्र पोर्टल पर समग्र और आधार नम्बर दर्ज करके ओटीपी प्राप्त करके इसे अपडेट कर सकते है। इसके बाद नगर निगम आईटी सेल से अपडेट किया जायेगा।

समग्र आईडी को ईकेवाईसी के द्वारा आधार से लिंक किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु हितग्राही अपने मोबाईल से या नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, एमपी ऑनलाईन या कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर अपनी समग्र आईडी को ईकेवाईसी के द्वारा आधार से नि:शुल्क दो तरीके से लिंक करावें पहला आधार लिंक मोबाईल पर ओटीपी के माध्यम से (इसके लिए आपके आधार से मोबाईल नम्बर पूर्व से लिंक होना अनिवार्य है) दूसरा बायो मैट्रिक सत्यापन के द्वारा।

### समाज के उत्थान मे पत्रकारिता की भूमिका- हार्दिक हुंडिया



सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम

मुंबई के वरिष्ठ समाज सेवी,पत्रकार,आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष,तारक मेहता के उल्टा चश्मा के कलाकार श्री हार्दिक जी हुंडिया रतलाम मे जनमत की आवाज़ एवं हेमंत कोठारी के ऑफिस पर पधारे एवं समाज एवं देश मे जैन समाज के उत्थान, विकास एवं प्रगति मे जैन पत्रकारिता की भूमिका पर चर्चा की आपका स्वागत आइजा के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चंडालिया सैलाना, प्रिंस लोढ़ा, संदीप ओरा, जय कोठारी, प्रदीप डांगी, शुभम ओस्तवाल, मनोज दसोतार इस अवसर पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफना, प्रदेश महासचिव प्रदीप जैन का भी स्वागत आईजा सदस्यों दारा किया

**आनन्द उत्सव 2025'' के तहत नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन- रतलाम** । नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय भोपाल व महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार ''आनन्द उत्सव 2025'' के तहत 14 से 24 जनवरी तक नगर निगम द्वारा रतलाम शहर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है।

### आचार्य देवेश श्रीमद् विजय श्री हितेश चंद्रसुरिश्वर जी म.सा. का मंगल पदार्पण

**रतलाम।** श्री जैन श्वेतांबर सोधर्म वृहत्त तपागच्छीय राजेंद्रसुरिश्वर त्रिस्तुतिक श्री संघ द्वारा नीम वाला उपाश्रय खेरादीवास में प. पू. राष्ट्र संत शिरोमणि आचार्य देवेश श्रीमद् विजय हेमेंद्र सुरिश्वर जी म.सा. के समुदायवर्ती प. पू. ज्योतिषाचार्य मुनि प्रवर श्री जयप्रभ विजय जी म.सा. के सुशिष्य एवं प.पू. ज्योतिष सम्राट आचार्य देवेश श्रीमद् विजय ऋषभचंद्र सुरिश्वर जी म.सा. के पट्टधर आचार्य देवेश श्रीमद् विजय श्री हितेश चंद्र सुरिश्वर जी म.सा., प.पू. ज्योतिषरत्न मुनिराज श्री दिव्यचंद्रविजय जी म.सा., प.पू.मुनिराज श्री पुष्पेंद्र विजय जी म.सा.,प.पू .मुनिराज श्री रूपेंद्रविजय जी म.सा., प.पू.मुनिराज श्री वैराग्ययश विजय जी म.सा. आदि ठाणा 5 का मंगल पदार्पण रतलाम शहर में हुआ। श्री संघ की विनती को स्वीकार कर आचार्य देवेश श्रीमद् विजय हितेशचंद्र सुरिश्वर जी म.सा. आचार्य पदवी के बाद प्रथम बार रत्नपुरी की धरा पर पधारे हैं। इसमें रतलाम श्री संघ का परम सौभाग्य है कि आचार्य पद प्रथम पाटोत्सव आयोजन का अवसर प्राप्त हुआ है। सामैया का स्थान सैलाना वालों की हवेली मोहन टॉकीज से प्रारंभ हुआ जो नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ नीम वाला उपाश्रय में मंगल प्रवेश व गुणानुवाद के पश्चात आचार्य देवेश श्रीमद् विजय श्री हितेश चंद्र सुरिश्वर जी म.सा. ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि समाज को एकजुट रहना चाहिए सब मिलकर चलना चाहिए। किसी भी गुरु को मानो को कोई प्रॉब्लम नहीं है लेकिन समाज एक होना चाहिए। गुरु को लेकर कभी अलग नहीं होना चाहिए क्योंकि समाज समाज होता है। त्रिस्तुतिक समाज के जितने भी महात्मा है, साधु है। राजेंद्र सूरी जी म. सा. की द्वितीय शताब्दी समारोह होने वाला है। जितने भी महात्मा है उनको 2027 में मोहनखेड़ा तीर्थ में चातुर्मास करने की भावना रखते हैं इसके लिए वह स्वयं पुरुषार्थ कर रहे हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा टीना चौहान पति स्व. श्री चैनसिंह चौहान (पिता भंवर सिंह) निवासी-106, जवाहर नगर, रतलाम मप्र की निवासी है एवं मेरी पक्षकारा की पुत्री रिद्धिका चौहान की कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 11 वीं की अंकसूची में मेरी पक्षकारा के पति का नाम अन्तिम सिंह चौहान उर्फ चैनसिंह चौहान एवं मेरी पक्षकारा का नाम पिंकी चौहान दर्ज है जबकि मेरी पक्षकारा का सही नाम टीना चौहान एवं पति का सही नाम स्व. श्री चैनसिंह चौहान है। उक्त सुधार हेतु यह प्रकाशन करवा जा रहा है। दिनांक: 12.01.2025

सुधांशु राय सक्सेना (एडवोकेट)
6, कालिका माता मार्केट, कोर्ट के सामने, रतलाम 98276 44476

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**विभिन्न कार्ये**

संख्या: W/623/NIT/1 दिनांक: 09.01.2025

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की और से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है-

| क्र. स. | ई-टेण्डरिंग सं. व कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बयाना राशी |
|---|---|---|---|
| 1 | RTM-2024-25-37R-1<br>Name of Work: Dr Ambedkar Nagar (Mhow) - Providing boundary wall in yard to prevent encroachment. (Total length 2.7 km) & Indore -Dr Ambedkar Nagar (Mhow) section:- Providing boundary wall in yard to prevent encroachment (Total length 2.5 km). | ₹4,18,17,952.80/- | ₹3,59,100/- |
| 2 | RTM-2024-25-123<br>Name of Work: Ratlam Division: Conducting feasibility study Investigation, Detailed Survey, preparation of GAD and DPR for construction of ROB/RUB | ₹2,16,59,220.83/- | ₹2,58,300/- |
| 3 | RTM-2024-25-125<br>Name of Work: (1) Chanderiya - Ratlam - TTR (FS+CS +CMS) - 6 Nos, (2) Chanderiya - Ratlam - Khandwa - Casual Renewals of Rails & Ordinary PSC Sleepers - 4000 Nos. and (3) Chanderiya - Ratlam - Khandwa - SEJS - 20 Nos., Glued Joints 200 sets &. TFR(GRSP)/Turnouts - 95 sets | ₹69,59,232.13/- | ₹1,39,200/- |
| 4 | RTM-2024-25-126<br>Name of Work: Dr. Ambedkar Nagar(Mhow)- Providing 20 unit Type-II staff Quarters in lieu of dilapidated staff quarters. | ₹4,46,56,479.15/- | ₹3,73,300/- |
| 5 | RTM-2024-25-127<br>Name of Work: Supply of AT Welding Portions and execution of Alumino thermic weldings for various track renewal works under Jurisdiction of DEN/North/RTM | ₹2,44,09,503.75/- | ₹2,72,100/- |

**अनुमानित मात्रा सभी के लिए:** As per Tender Schedule **कार्य समापन अवधि: क्र. स. 1 & 5,** 15 माह; **क्र. स. 2 & 3,** 9 माह; **क्र. स. 4,** 18 माह **सिमीलर टाईप ऑफ वर्क: क्र. स. 1,** Any Civil engineering WORK involving PSC elements such as PSC Girders/PSC Slabs/PSC Sleeper etc. **क्र. स. 2,** Preparation of GAD and DPR for ROB/RUB/ROR OR Final location survey for New Line/Gauge conversion/Multi Tracking work/National Highway/State Highway. **क्र. स. 3,** Any Track Work **क्र. स. 4,** Construction of any Bulding Work **क्र. स. 5,** The tenderer should be borne in RDSO's approved list. Note - In terms with Railway Board letter number 2017/Track- P/9(2)volume III dated 7th March 2019 the minimum legibility criteria has been dispensed with for execution of Thermit Welding whose Technical capabilities have already been established by RDSO. **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि सभी के लिए:** 09.01.2025 **निविदा खुलने की तिथि सभी के लिए:** 03.02.2025 • विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाईट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है SPAN/5/1/376

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

Life Line
Mineral Water Work
शादी-विवाह एवं अन्य पार्टी ऑर्डर लिए जाते हैं।
The Choice of Standard
Vijay rathod- 97134-56151, 74155-56151
63, Karamdi Road, Ratlam (M.P.)

गौरी गैरेज
सभी प्रकार के जनरेटर खरीदे एवं बेचे जाते हैं
1 से 500 किलोवॉट जनरेटर उपलब्ध है
पप्पू गौरी, मो.- 9300015078
अब्दुल वाहिद, मो.- 9977020269,
सोनू, मो.- 8234062671
डीजे, जनरेटर छोटे और बड़े उपलब्ध हैं....
फव्वारा चौक, प्रायवेट बस स्टैंड (सुपर कार डेकोर के पास), विजय ऑटोमोबाइल्स मार्केट के नीचे, रतलाम (म.प्र.)

अंचल की सर्वश्रेष्ठ कलर लेब
अन्य महानगरों की तरफ जाने की आवश्यकता नहीं
गुप्ता कलर लेब
स्टूडियो सुविधा, प्रपोजल फोटो, मॉडलिंग फोटो, पासपोर्ट
नई वैरायटी में करिश्मा एलबम
प्रिंटिंग व पेंटिंग सुविधा
स्टेशन रोड रतलाम, फोन: 07412-234318
ravigupta.rema@gmail.com
आरएस गुप्ता 9827248171

जैन ट्रांसपोर्ट
लोकल ट्रक भाड़े पर हर समय उपलब्ध रहते हैं
बेहतर सेवा के लिए संपर्क करें।
ट्रक ड्राइवरों की आवश्यकता है
समित जैन 9424869606, 9827243970
सज्जन मिल परिसर, रतलाम

## संपादकीय

# टूट की ओर इंडिया गठबंधन!

शिवसेना (यूबीटी) प्रवक्ता संजय राउत के ताजा बयान ने इंडिया ब्लॉक में चल रही उथल-पुथल की चर्चा को तेज कर दिया है। ऐसे ही बयान अन्य नेताओं और दलों की ओर से भी आए हैं। स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं कि क्या विपक्षी गठबंधन किसी बड़े संकट की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला भी कह चुके हैं कि अगर विपक्षी गठबंधन लोकसभा चुनावों तक के लिए ही सीमित था तो इसे अब भंग कर देना चाहिए। यही नहीं, तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी साफ-साफ कह चुके हैं कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में वे कांग्रेस का नहीं आम आदम पार्टी का समर्थन करते हैं। शिवसेना (यूबीटी) भी ऐसी घोषणा कर चुकी है। पहली नजर में इसे इंडिया ब्लॉक में आपसी फूट का लक्षण माना जा सकता है, लेकिन गौर करें तो यह इस ब्लॉक से जुड़े दलों का राजनीतिक अंतर्विरोध ज्यादा है। यह अंतर्विरोध शुरू से इस ब्लॉक में रहा है। इसी अंतर्विरोध के चलते विभिन्न राज्यों के चुनावों के वक्त सीटों का बंटवारा जटिल सवाल बनता है। इसी अंतर्विरोध के चलते हरियाणा में आम आदमी पार्टी इस आरोप के बावजूद चुनाव लड़ती है कि उसे मिलने वाले वोट भाजपा की जीत की संभावना को मजबूती देंगे। इस बार दिल्ली में कांग्रेस के पूरी मजबूती से चुनाव लड़ने का फैसला भी इसी अंतर्विरोध को दर्शाता है। ऐसे में आप के साथ मिलकर ये क्षेत्रीय दल अगर कांग्रेस पर इस बात के लिए दबाव बनाना चाहते हैं कि वह भाजपा की जीत को आसान न बनाए तो यह स्वाभाविक है। लेकिन इसे अभी से इंडिया ब्लॉक के विखंडन का अनिवार्य संकेत मान लेना जल्दबाजी हो सकता है। आपसी संवाद में कमी, संयोजक की नियुक्ति में देर और बैठक का लगातार टलना- ऐसी शिकायतें हैं जो बताती हैं कि इंडिया ब्लॉक में सब कुछ ठीक नहीं है। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो ये मुद्दे गंभीर मतभेद का रूप ले सकते हैं। निश्चित रूप से बेहतर तालमेल की जरूरत है।

## अपनी बात

# सर्दी का सितम

मौसम का अपना चक्र होता है और उसी के मुताबिक उसमें उतार-चढ़ाव होता रहता है। मुश्किल तब आती है जब उसकी मार से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त होने लगता है और कई बार उसे संभालना एक समस्या बन जाती है। इस बार ठंड के मौसम की वजह से कई स्तर पर बाधाएं खड़ी हो रही हैं तो इसमें कुछ नया नहीं है। विडंबना यह है कि अमूमन हर वर्ष इस तरह की समस्याएं और चुनौतियां सामने आने के बावजूद उससे बचाव के उपायों पर गौर करने या उनका पूर्व इंतजाम करने को लेकर कोई ठोस पहलकदमी नहीं दिखती। नतीजतन, हर वर्ष ठंड के मौसम में लोगों का आम जीवन कई स्तर पर बाधित होता है। खासकर एक से दूसरी जगह आवाजाही व्यापक स्तर पर प्रभावित होती है। जबकि वक्त के साथ मौसम की मार का सामना करने और उसके घातक या नुकसानदेह असर को कम करने के उपायों को लेकर एक सुचिंतित योजना के साथ काम किया जा सकता है। गौरतलब है कि इस वर्ष ठंड की शुरूआत के बावजूद ऐसी खबरें आती रहीं और अध्ययनों के मुताबिक यह भी बताया गया कि पिछला वर्ष अब तक का सबसे अधिक गर्म वर्ष रहा। मगर इसके समांतर इस वर्ष की ठंड अपने पूरे असर के साथ कई स्तर पर मुश्किलें पैदा करती दिख रही है। पिछले दो दिन दिल्ली और आसपास के इलाकों में जिस तरह घना कोहरा छाया रहा, हल्की बारिश हुई, उससे तापमान में और गिरावट आई और ठंड की वजह से बहुत सारे लोगों का सामान्य जीवन मुश्किल हुआ। दिल्ली हवाईअड्डे पर शुक्रवार को एक समय दृश्यता शून्य हो जाने के बाद सौ से ज्यादा विमानों की उड़ान में काफी विलंब हुआ। इसी तरह दो दर्जन से ज्यादा रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से ज्यादा देर से चलीं। सड़कों पर भी आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई और लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। यों समूचा उत्तर भारत फिलहाल कड़ाके की ठंड की चपेट में है, लेकिन इस बार दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा और हिमाचल में स्थिति ज्यादा विकट देखी गई। पंजाब के फाजिल्का में सबसे ज्यादा ठंड दर्ज की गई, जहां का तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा, मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में बारिश और बर्फबारी की आशंका जताई, जिसका असर निश्चित रूप से दिल्ली और आसपास के राज्यों पर पड़ेगा। ऐसा नहीं कि ऐसे हालात पहली दफा पैदा हुए हैं, लेकिन हैरानी की बात है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के चरम विकास के दौर में भी हवाई, सड़क और रेल यात्रा में कोहरे की चुनौती से पार पाने के तरीकों तक आम लोगों की पहुंच नहीं है। मसलन, ठंड के मौसम में रेलगाड़ियों को कोहरा रोधी यंत्र से लैस करने को लेकर लंबे समय से कोशिश चल रही है, लेकिन आज भी हर साल इन दिनों कोहरे की वजह से सैकड़ों रेलगाड़ियां देरी से चलती हैं या फिर कई बार रद्द कर दी जाती हैं। सड़कों के किनारे या फुटपाथों पर खुले आसमान के नीचे जिंदगी गुजारने वालों के लिए सरकारी इंतजाम हर वर्ष कठघरे में होता है। कई बार मौसम में उतार-चढ़ाव के संबंध में पूर्वानुमानों को लेकर भी सटीकता में कमी होती है। सवाल है कि अगर तकनीकी प्रगति ने मौसम की मार से निपटने के उपाय निकाले हैं, तो विशेष स्थितियों में उनका सहारा लेकर जनजीवन को सामान्य बनाने या राहत देने में सरकारें टालमटोल का रवैया अख्तियार क्यों किए रहती हैं।

# सेंसिटिव स्किन

## किसी भी प्रोडक्ट का असर होता है तुरंत



मेकअप आपकी खूबसूरती में चार चांद ही नहीं लगता बल्कि, आपको कॉन्फिडेंट भी फील कराता है। पर अच्छे मेकअप के लिए जरूरी है सही मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना। फाउंडेशन एक ऐसा ही मेकअप प्रोडक्ट है जो कि आपकी स्किन में निखार लाने का काम करता है। फाउंडेशन एक तरल या पाउडर मेकअप प्रोडक्ट है जिसे चेहरे पर एक समान रंगत बनाने, खामियों को कवर करने और कभी-कभी प्राकृतिक त्वचा टोन को बदलने के लिए लगाया जाता है। कुछ फाउंडेशन मॉइस्चराइजर, सनस्क्रीन, एस्ट्रिंजेंट या बेस लेयर के रूप में भी काम करते हैं। पर हर स्किन पर, हर तरह का फाउंडेशन अच्छा नहीं लगता। इसलिए आपको अपने स्किन के अनुसार ही अपने लिए फाउंडेशन के प्रकार का चुनाव करना चाहिए। तो, आइए जानते हैं अपने स्किन टाइप के अनुसार फाउंडेशन का चुनाव कैसे करें।

### ऑयली स्किन के लिए

ऑयली स्किन वाले लोग अक्सर अपने स्किन पर उन चीजों को लगाने से बचते हैं, जो कि इसे और ऑयली बना देते हैं। इसलिए पाउडर वाले फाउंडेशन या फिर ऑयल फ्री लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। ये त्वचा के पोर्स पर चिपकेंगे नहीं और ना ही पोर्स को बॉल्क करेंगे, जिससे कि त्वचा अतिरिक्ट ऑयल प्रोड्यूस करने लगती है। इसके अलावा आप मिंनरल फाउंडेशन और मेट फाउंडेशन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि ये त्वचा से तेल को सोख लेते हैं और त्वचा को खूबसूरती व साइन प्रदान करते हैं। इसके अलावा भी फाउंडेशन का चुनाव करते वक्त ध्यान रखें कि इसका शेड परफेक्ट हो, ये आपकी स्किन के रंग को मिलता हुआ हो और आपके चेहरे पर पूरी तरह से फैल जाए। साथ ही आप मौसम के अनुसार भी फाउंडेशन का चुनाव करें, नहीं तो कुछ फाउंडेशन का इस्तेमाल करना सर्दियों में आपकी स्किन को और ड्राई बना सकता है। दरअसल, अलग-अलग मौसम का मतलब है अलग-अलग मेकअप फाउंडेशन। गर्मियों में हमारी त्वचा का रंग थोड़ा गहरा हो जाता है जबकि सर्दियों में यह पीला हो जाता है। इसलिए, जिस वक्त आप देखते हैं कि आपका फाउंडेशन उस तरह से काम नहीं कर रही है जिस तरह से उसे करना चाहिए, तो समझ जाएं कि इसे स्विच करने का समय आ गया है। उदाहरण के लिए, अगर आपकी त्वचा सर्दियों के दौरान बहुत अधिक सूख जाती है, तो आपको तेल या क्रीम आधारित फाउंडेशन का चयन करना चाहिए, न कि पानी आधारित। इसी तरह गर्मियों में सनस्क्रीन बेस्ड फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। तो, अब आप जब भी अपने लिए फाउंडेन खरीदने जाएं तो इन बातों को अपने दिमाग में रखें।

## अपनी स्किन के अनुसार सही फाउंडेशन कैसे चुनें

### सेंसिटिव स्किन के लिए

सेंसिटिव स्किन वाले लोग चेहरे के लिए किसी भी चीज के इस्तेमाल को लेकर सौ बार सोचते हैं। ऐसा इसलिए कि सेंसिटिव स्किन पर किसी भी प्रोडक्ट का असर तुरंत होता है और इससे त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। जैसे कि एक्ने और स्किन इंफेक्शन। इसलिए आपको सेंसिटिव स्किन के लिए कोई भी हार्ड कैमिकल या फिर अल्कोहल वाले फाउंडेशन के चुनाव से बचना चाहिए। इसकी जगह आपको बहुत ही नम और लाइट इंग्रेडिएंट्स वाले फाउंडेशन का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके अलावा आप नेचुरल ऑयल बेस्ड फाउंडेशन का इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही सनस्क्रीन बेस्ड फाउंडेशन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

### ड्राई स्किन के लिए

ड्राई स्किन के लिए आप मॉइस्चराइजर बेस्ड या आरवायबीएस सनस्क्रीन बेस्ड मॉइश्चराइजर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। ये त्वचा को अंदर से नमी देगा और इन्हें स्वस्थ बनाए रखने में आपकी मदद करेगा। ड्राई स्किन के लिए फाउंडेशन का चुनाव करते समय कुछ चीजों का ध्यान रखें जैसे कि हाइड्रेटिंग पाउडर फाउंडेशन या फिर लिक्विड बेस्ड फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। ध्यान रखें कि आपकी त्वचा पर अच्छी तरह से फैल जाएं और स्किन को सॉफ्ट रखे।

# पार्लर में हेयरकट और बॉडी मसाज

आमतौर पर पार्लर से वापस आने के बाद भी अक्सर महिलाओं से जाने अनजाने में कुछ गलतियां हो जाती हैं जो उन्हें महसूस भी नहीं होती। चाहे आपने फेशियल करवाया हो या बॉडी मसाज, लेकिन आपको कुछ आफ्टर केयर का जरूर ध्यान रखना चाहिए। ताकि आपको किसी भी प्रकार का कोई नुकसान न पहुंचे। यदि आप इन बातों का ध्यान नहीं करेंगी तो आपको फायदा पहुंचने की जगह नुकसान ही पहुंचेगा। इन्हीं गलतियों को करने से आपको बचाने के लिए हम आपके लिए निम्न जानकारी लाए हैं ताकि आपको पूरा लाभ मिले और स्किन को भी नुकसान न पहुंचे।




### वैक्सिंग के बाद न करें यह गलतियां

अगर आप वैक्सिंग करवा कर आती हैं तो अपनी स्किन को कभी भी गर्म जगह या गर्मी के आस-पास न लेकर जाएं। नहीं तो स्किन और अधिक लाल हो सकती है। अगर आप स्विमिंग करने की शौकीन हैं तो आपको एक दिन के लिए स्विमिंग से भी दूर रहना चाहिए। अपनी स्किन पर दो दिन के लिए स्क्रब या फिर किसी कठोर केमिकल का प्रयोग भी न करें। अपनी स्किन पर केवल लूफा का ही प्रयोग करें। अगर बिकिनी वैक्स करवाया है तो अधिक टाइट कपड़े भी न पहनें।

### थ्रेडिंग के बाद अपनाएं ये टिप्स

वैक्सिंग और थ्रेडिंग से आपकी स्किन सूर्य को लेकर अधिक सेंसिटिव हो जाती है। इसलिए आपको सनस्क्रीन का प्रयोग जरूर करना चाहिए। अपने घर पहुंचते ही आपको आई ब्रो पर और जहां से वैक्स करवाई है, वहां पर एलो वेरा जेल का प्रयोग करना चाहिए। अगर एलो वेरा जेल का प्रयोग नहीं करना चाहती हैं तो बर्फ से भी मसाज कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन लाल नहीं होगी। आईब्रो पर सूजन आने से बचाने के लिए ठंडे टी बैग्स को अपनी आईब्रो और अपर लिप पर 15 मिनट तक रखे रहने दें। इससे आपकी सारी सूजन चली जाएगी।

## बच्चों की मालिश बरते सावधानी



सभी जानते हैं की तेल से बच्चे के शरीर की मालिश करना बहुत फायदेमंद होता है। ऐसा करने से बच्चे के शारीरिक विकास के साथ-साथ अच्छी नींद और भूख को भी फायदा मिलता है। लेकिन इस दौरान की गयी कुछ गलतियां बच्चों की सेहत पर भारी पड़ सकती हैं। लोग अक्सर ये 7 गलतियां बच्चों की तेल से मालिश करते समय करते हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में।

- बच्चे को कुछ खिलाने या पिलाने के तुरंत बाद मालिश बाद नहीं करनी चाहिए। अगर आपको बच्चे के शरीर की तेल से मालिश करनी है तो उसके भोजन करने या दूध पीने के 1 घंटे बाद ही करें। लेकिन अगर आप बच्चे की मालिश उसके कुछ खाने या पीने के तुरंत बाद करते हैं तो इससे उसकी सेहत को नुकसान होता है।
- बच्चे की मालिश करते समय इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए की उसकी मालिश की शुरूआत हमेशा पीठ के बल लिटा कर ही करें। पेट के बल लिटाकर मालिश की शुरूआत नहीं करें।
- बच्चे की मालिश करने के बाद उसे तुरंत नहलाना नहीं चाहिए। इसके अलावा उसकी मालिश नहलाने के तुरंत बाद भी नहीं करनी चाहिए। ऐसा करना नुकसानदायक हो सकता है।
- किसी भी समय बच्चे के शरीर की मालिश करने से बचना चाहिए। अगर आप बच्चे के शरीर पर मालिश करने का पूरा फायदा चाहते हैं तो उसकी मालिश रोजाना एक तय समय के हिसाब से ही करें। ऐसा करने से आपके बच्चे के सोने और जागने या खाने पीने का भी समय अपने आप ही तय हो जाएगा।
- मालिश की शुरुआत करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उसकी मालिश सबसे पहले पैरों से की जाए। इसके बाद ही पीठ और पेट या छाती की मालिश करनी चाहिए।
- बच्चे की मालिश के दौरान हमेशा इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उसकी मालिश हल्के हाथों से ही की जाए। बच्चे के शरीर की तेल से मालिश करते समय आपको कभी भी तेजी से रगड़कर मालिश नहीं करनी चाहिए। ऐसा करने से आपके बच्चे के शरीर और उसकी स्किन को नुकसान हो सकता है। हल्के हाथों से मालिश करना फायदेमंद माना जाता है।
- बच्चे की मालिश ऐसी जगह पर की जानी चाहिए जहां तापमान कम न हो। ठंडी जगह या ऐसी जगह जहां पर धूप नहीं है वहां बच्चों के शरीर की मालिश नहीं करनी चाहिए। अगर आप ठंड कमरे में बच्चे की मालिश कर रही हैं तो ध्यान रखें कि वहां पर हीटर से तामपान बढ़ा लें।

## कल का पंचांग

**तिथि**- द्वितीया +03:26, **नक्षत्र**- पुष्य 10:29, करणः तैतिल 03:20, गर 03:20, **पक्ष**- कृष्ण, **योग**- प्रीति +01:46, **वार**- बुधवार, **सूर्योदय**- 07:15, **चन्द्रोदय**- 07:12, **चन्द्र राशि**- कर्क, **सूर्यास्त**- 05:45, **चन्द्रास्त**- 08:24, **ऋतु**- शिशिर, **शक सम्वत**- 1946 क्रोधी, **कलि सम्वत**- 5126, दिन काल 10:30, विक्रम सम्वत 2081, **मास अमांत**- पौष, **मास पूर्णिमांत**- माघ, **शुभ समय**- अभिजित कोई नहीं, **अशुभ समय**- दुष्टमुहूर्त 12:09-12:51, कंटक 04:21-05:03, **यमघण्ट**- 09:21-10:03, **राहु काल**- 12:30-01:49, कुलिक 12:09- 12:51, कालवेला या अर्द्धयाम 07:57-08:39, ठ08:34-09:52, **गुलिक काल**- 11:11-12:30, **दिशा शूल**- उत्तर, **ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती, **चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ



पं. सत्यप्रकाश त्रिपाठी
स्थान- गुढ़वा गुढ़, रीवा
मो. 8839453431
9669150852

## कल का राशिफल

**मेष**- ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है।

**वृष**- यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मिथुन**- यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं।

**कर्क**- चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी।

**सिंह**- दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कन्या**- मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शत्रु तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है।

**तुला**- सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा।शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**- चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**धनु**- भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी।

**मकर**- पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ**- बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी।

**मीन**- पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कार्यकर्ताओं ने जिले भर में उत्साह-उमंग के साथ मनाया संगठन पर्व पार्टी

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी जिला देवास द्वारा संगठन पर्व के समापन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं देवास जिले के संगठन निर्वाचन अधिकारी आशीष अग्रवाल द्वारा नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष से निर्वाचन संबंधित बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जो यह संगठन पर्व हमने मनाया है, देवास जिले में ऐतिहासिक रहा है। आगे भी सभी मंडल अध्यक्ष अपने-अपने मंडल में भारतीय जनता पार्टी के आने वाले पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में पार्टी की रीति नीतियों के द्वारा हमारी केंद्र की सरकार एवं राज्य की सरकार के ऐतिहासिक काम के द्वारा हम जनता के बीच में जाएंगे एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए जनता से संवाद करें। अग्रवाल ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया एवं उसके पश्चात पत्रकार साथियों से चर्चा की। उक्त बैठक में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता एवं देवास शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल जिला सह निर्वाचन अधिकारी एवं पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव जिला महामंत्री पोपेंद्र सिंह बग्गा मनीष सोलंकी पंकज वर्मा कार्यालय मंत्री मनोहर सिंह जादव भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी उपस्थित थे।

### श्री रुद्रवीर सेना के कार्यकर्ताओं ने मृत गौ माता का किया अंतिम संस्कार



**उज्जैन (सिंघम रिपोर्टर)।** पुष्पगिरी में धर्मेंद्र सेंधव के नेतृत्व में राष्ट्रीय श्री रुद्रवीर सेना के कार्यकर्ताओं ने एक मृत गौ माता का अंतिम संस्कार किया। इस अवसर पर, कार्यकर्ताओं ने गौ माता के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त की। धर्मेंद्र सेंधव ने कहा, ÷गौ माता हमारी संस्कृति और धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनकी सेवा और सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।÷कार्यकर्ताओं ने मृत गौ माता को सम्मानपूर्वक गाड़ दिया और उनका अंतिम संस्कार किया। इस अवसर पर, स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया और गौ माता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। राष्ट्रीय श्री रुद्रवीर सेना के इस कार्यक्रम को स्थानीय लोगों ने बहुत सराहा और उनकी इस पहल की प्रशंसा की।





# शासकीय महाविद्यालय बाग का कॉलेज चलो अभियान

**डेहरी ● सिंघम रिपोर्टर**

शासकीय महाविद्यालय बाग के द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य दिलीप कुमार पाटीदार के मार्गदर्शन में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डेहरी में कालेज चलो अभियान कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों से एवं वहां के स्टाफ से चर्चा की गई।

महाविद्यालय से आए अधिकारी एवं प्रोफेसर द्वारा बच्चों को महाविद्यालय में शासन द्वारा दी जाने वाली समस्त सुविधाओ एवं महाविद्यालय की विशेषताओं के बारे में बताया। इस चर्चा के दौरान सद्दाम पटेल ने एन ई पी एवं उच्च शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विद्यार्थियों को बताया एवं डॉ पंकज कुमार मालवीया व प्रोफेसर श्वेता वैष्णव ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय बाग में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त एवं अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध है एवं शासकीय महाविद्यालय बाग को 50 सीटर आवासीय छात्रावास प्राप्त है जिसमें बच्चे छात्र रहकर अपना अध्ययन कार्य जारी रख सकते हैं आवास योजना के बारे में बताते हुए पंकज कुमार मालवीया ने बताया कि समस्त दुर क्षेत्र से आने वाले विद्यार्थियों को आवास सुविधा का लाभ मिलता है जिनसे उन्हें निवास हेतु आवास भत्ता के रूप में प्रतिमाह 1000 रुपए प्रदान किए जाते हैं महाविद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण हैं.महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक कार्य स्मार्ट क्लास के माध्यम से होता है. महाविद्यालय में ई लाइब्रेरी, वाईफाई, ठंडा जल एवं कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध है छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड वैडिंग मशीन भी उपलब्ध है।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य महाविद्यालय की पहचान है

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में सद्दाम पटेल,पंकज कुमार मालवीया व प्रो श्वेता वैष्णव एवं विद्यालय के प्राचार्य, विद्यालयीन स्टॉफ व विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

### सीएम हेल्पलाइन के मामलों की पेंडेंसी पर कलेक्टर हुए खफा, कहा-

# सभी तहसीलदारों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दें नोटिस

### कार्य में सुधार ना होने पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

**धार ● सिंघम रिपोर्टर**



कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा जिला कार्यालय के सभागार में आयोजित समयावधी पत्रों की समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन के मामलों की भी समीक्षा की गई। राजस्व और नगरीय विकास विभाग में सीएम हेल्पलाइन के मामलों के निराकरण की पेंडेंसी पर कलेक्टर मिश्रा ख़फ़ा हुए। उन्होंने कहा सभी तहसीलदारों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को नोटिस दें,इसके बाद भी कार्य में अपेक्षित प्रति नहीं आती है तो संबंधित अधिकारियों के ख़िलाफ़ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सीईओ अभिषेक चौधरी सहित जिला अधिकारीगण मौजूद थे। विकासखंड स्तरीय अधिकारी और एसडीएम वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल थे। उन्होंने नाराजगी के साथ कहा कि ये जवाब कि 'शिकायतों को बंद करा लेंगे' मान्य नहीं होगा। आप लोग इस बात का वेट कर रहे हैं कि जब कहा जाएगा तब काम करेंगे। उन्होंने आरईएस, खाद्य, पीएचई, ऊर्जा और जल संसाधन विभाग के जिला अधिकारियो को भी कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।बैठक में सीएम मॉनिट,विभिन्न आयोग से संबंधित पत्रों,न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के बारे में जानकारी ली गई और आवश्यक निर्देश दिए गए।

**गरिमामय हो गणतंत्र दिवस समारोह-** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम गरिमामय आयोजित हो। मसलन धरती आबा अभियान,चार नएं मिशनों,मिलेट्स के लाभों को प्रदर्शित करती झांकी बनाई जा सकती है। क़िला मैदान में होने वाले समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन कर लें।शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अच्छे प्रदर्शन करने वाले शासकीय सेवकों के नाम पुरस्कृत होने वालों की सूची में जरूर जोड़ें। मैदान की साफ़ सफ़ाई,परेड रिहर्सल,सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी झांकी निर्माण आदि सभी कार्य समय सीमा में पूरे कर लिए जाएं।



## शासकीय प्राथमिक विद्यालय मेहसरा में एफएलएन मेले का हुआ आयोजन

### मेले में बच्चों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया

**बाग ● सिंघम रिपोर्टर**

बाग विकासखंड के संकुल केन्द्र अखाड़ा के ग्राम मेहसरा में शासकीय प्राथमिक विद्यालय में एल एफ एन मेले का सफल आयोजन हुआ । कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वती के चित्र की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण की गई । इसके साथ ही मेले कि शुरुआत की गई। इस दौरान बच्चों ने मेले आए हुए अतिथियों को अपना परिचय बड़े उत्साह से दिया । शाला की शिक्षिका शेखा मकरानी ने बताया की शासन के निर्देशानुसार एफ एल एन मेले का आयोजन रखा गया। इस मेले का यही उद्देश्य हैं, कि बच्चों को साक्षरता ओर संख्या के ज्ञान में निपूर्ण बनाना। बच्चों का तिलक लगाकर सम्मान करते हुए बच्चों के लिए विशेष भोजन सब्जी पुरी बनाई गई। इस तरह खेल खेल में शिक्षा दी गई। इस मेले में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रोशनी अनारे, सहायिका सागर बाई एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। सभी बच्चों को केले व चॉकलेट वितरण की गई ओर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरुक भी किया गया।



# सेवानिवृत्ति पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भावभीनी विदाई

### प्राचार्य अरुण कुशवाह ने उनके कार्यकाल की सराहना की

**डही ● सिंघम रिपोर्टर**

सीएम राइज विद्यालय डही के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नरपत डोरिया के सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम आयोजित कर संस्था द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल और उपहार भेंट कर ससम्मान विदाई दी गई। इसी तरह कन्या उमावि डही में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भाय सिंह डावर और पुनी बाई का विदाई समारोह उनकी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर रखा गया। इस दौरान प्राचार्य अरुण कुशवाह ने उनके कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए सराहना की। उन्होंने अपने उद्बोधन में तीनों सेवानिवृत कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी तथा सौहार्दपूर्ण व्यवहार की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कुशवाह ने कहा कि विद्यालय परिवार को हमेशा उनकी कमी खलती रहेगी। इसके बाद उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त शिक्षकों और संस्था के अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत कर्मचारियों को शॉल ओढ़ाकर तथा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। समस्त स्टाफ ने उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक कुंतीलाल डामरे, अमर सिंह मंडलोई, चतर सिंह मंडलोई, विश्राम सिंह डोडवे, अंजली डामोर, मौसमी बालेश्वर, स्नेहा बघेल, निकिता गुप्ता, राजाराम सस्त्या, धूल सिंह बोंदड़, वर्षा दीक्षित, निर्मला मालवीया, दीप सिंह सस्त्या, शर्मिला भिड़े, विजेन्द्र डावर, चांदनी मालवीया, मीरा असाड़े, मधुबाला सोनी

# टेमरिया में स्टूडेंट्स को साइकिल वितरित

**डही ● सिंघम रिपोर्टर**



एकीकृत माध्यमिक विद्यालय टेमरिया में कक्षा छठी की छात्रा शर्मिला, सालोनी और मुन्नी को साइकिल मिली तो उनके साथ ही उनकी सहेली दुर्गा भी खुश हुई। दुर्गा ने अपने छोटे आदिवासी गांव में ही एक जगह से छोटे-छोटे फूल एकत्रित किए और फिर सुई धागे की सहायता से पुष्प हार बनाकर स्कूल लाई और अपनी सहेलियों का पुष्प हार पहना कर और चाकलेट खिलाकर स्वागत किया। दुर्गा का कहना था कि मेरा घर स्कूल के पास है। लेकिन मेरी सहेलियों का घर स्कूल से तीन किमी दूरी पर है। वह इतनी दूर पैदल चलकर स्कूल आ रही थी। ऐसे में साइकिल मिलने से इस परेशानी से उन्हें निजात मिलेगी।

विद्यालय में कुल 6 छात्रों के लिए साइकिल आई। जिनका वितरण गांव के सरपंच तार सिंह अलावा और भीकू सिंह परिहार के आतिथ्य में किया गया। प्रधान अध्यापक राजाराम गनावा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अभी आपको साइकिल मिली है। आप खूब पढ़ो लिखो और 12वीं में अच्छे नंबर से पास हो तो शासन स्तर से आपको स्कूटी और लैपटॉप मिलेंगे। इस अवसर पर जनशिक्षक सूरत सिंह सस्त्या, प्रताप सिंह ओहरिया, शिक्षक इरफान मंसूरी, देवी सिंह बामनिया, गोरी भिड़े, भारती योगी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



# मां बिजासन विद्यापीठ गुरुकुल आश्रम के संस्थापक को जान से मारने की धमकी

### आश्रम खाली करने के लिए भी गुंडो ने तीन दिन का समय दिया

**उज्जैन ● सिंघम रिपोर्टर**

उज्जैन मां बिजासन विद्यापीठ गुरुकुल आश्रम के संस्थापक पंडित राधेश्याम नागर ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अपनी सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने बताया कि शेलेंद्र भदौरिया और उसके साथियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। कई महीनों से आ रही धमकियों से परेशान मंदिर आश्रम के पंडित पुजारी एवं ग्रामीण जनों ने मिलकर उज्जैन पुलिस अधीक्षक के नाम सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम जाकर ज्ञापन सौपा।

जिसमें उनकी जान मान की सुरक्षा एवं आश्रम की असमाजिक तत्व से रक्षा की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि लगातार गुंडे एवं असामाजिक तत्वों द्वारा हमको जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आश्रम खाली करने के लिए भी गुंडो ने तीन दिन का समय दिया है ,नहीं करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई है, एवं कई बार आश्रम वाले स्थान पे आकर हाथा पाई मार कूट जैसी घटना को भी अंजाम दे चुके हैं। ऐसे में कहीं ना कहीं साधु संतो पर अत्याचार हो रहे हैं। जिसको लेकर पंडित पुजारी, साधु संत, ग्रामीण जनों के साथ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। पंडित राधेश्याम नागर ने मुख्यमंत्री से भी निवेदन किया है कि वे आश्रम की सुरक्षा और उनकी सुरक्षा के लिए सहयोग करें। पंडित राधेश्याम नागर ने बताया कि उज्जैन के गोयलाखुर्द मोती नगर चौकी क्षेत्र में स्थित मंदिर और समाधि स्थल पर शेलेंद्र भदौरिया और उसके साथियों ने कब्जा कर रखा था। उन्होंने मंदिर को क्षतिग्रस्त करके अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दिया।

## कार्यशाला में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने बताया शांत समय का महत्व



**धार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुसार एवं मध्यप्रदेश शासन अंतर्गत राज्य संस्थान के डायरेक्टर सत्य प्रकाश आर्य के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी के संयुक्त मार्गदर्शन में जिले के समस्त विकास खण्डों के विभिन्न विभागों पंचायत एवं ग्रामीण विकास राजस्व विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, आयुष विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, पशुपालन, चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी विभाग सहित कुल 12 विभागों के खंड स्तरीय शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सकारात्मक तरीके से आनंद की अनुभूति करवाकर उनके कार्यों में वृद्धि करने के उद्देश्य से एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन विकासखंड धरमपुरी में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स अमित गढ़वाल, संजय गुप्ता, नारायण सरकले द्वारा लिया गया। इस दौरान आनंदम सहयोगी संजीव भार्गव एवं अजीत खदेड़ा ने भी सहयोग किया। जिला प्रशासन ने जिले की सभी कार्यशालाओं के आयोजन का दायित्व जिला समन्वयक डॉ. दिनेश कश्यप को सौंपा गया है। इसी कड़ी में सोमवार को धरमपुरी स्थित बीआरसी सभागृह में यह कार्यशाला आयोजित की गई। सत्र के शुरुआत में मां भगवती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। इस दौरान रेवेन्यू इंस्पेक्टर निर्मल शर्मा द्वारा अल्पविराम लेने एवं इसकी महत्ता में एक स्व रचित कविता प्रस्तुत की। साथ ही सहायक इंजीनियर राजेश पाठक, सीडीपीओ प्रिया बुंदेल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



## चीनी मांझा से हो रही घटनाएं, मकर संक्रांति एक दिन पूर्व धरमपुरी पुलिस ने शुरू किया रोको- टोको अभियान

**धरमपुरी।** चीनी मांझा से हो रही घटनाओं को देखते हुए धरमपुरी पुलिस ने मकर संक्रांति से एक दिन पूर्व रोको- टोको अभियान रोको-टोको अभियान शुरू किया। इसका मकसद चाइनीज मांझे से लोगों के घायल होने से रोकना है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### संभागायुक्त ने माफी ऑफिसर से वापस लिया प्रभार

**इंदौर।** संभागायुक्त इंदौर दीपक सिंह ने गोपाल मंदिर इंदौर के प्रबंधक के.एल कौशल की सेवाएँ तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। वहीं माफ़ी ऑफ़िसर डिप्टी कलेक्टर विनोद राठौर को भी प्रभारी पद से हटा दिया गया है। संभागायुक्त दीपक सिंह ने माफ़ी अधिकारी आयुक्त कार्यालय इंदौर का प्रभार विनोद राठौर के स्थान पर संयुक्त कलेक्टर कल्याणी पांडे को अतिरिक्त रूप से सौंपा है। संभागायुक्त दीपक सिंह ने कलेक्टर इंदौर से गोपाल मंदिर में विवाह समारोह आयोजित किए जाने के संबंध में जाँच के लिए भी कहा है। शासकीय परिसरों में बिना शासन अनुमति के किसी भी तरह की गतिविधियों का संचालन प्रतिबंधित हैं। गोपाल मंदिर व्यवस्था संबंध संचालन के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश बनाए जाने के लिए जिला स्तर से उच्च स्तरीय समिति गठन करने के निर्देश भी कलेक्टर इंदौर को संभागायुक्त द्वारा दिए गए हैं। संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा है कि उक्त समिति मंदिर संचालन संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश स्रश्वद्गह्य ड्ड्ठस्र स्रश्वठ्ठ'ह्व तैयार करेगी।

बुरहानपुर जिले में 34 हाई स्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल में आईसीटी लैब की स्थापना

### विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से अध्यापन की सुविधा प्रदान

**इंदौर।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इंदौर द्वारा बुरहानपुर जिले में स्कूल शिक्षा विभाग की विगत वर्ष की उपलब्धियाँ की जानकारी देते हुए बताया गया है कि विद्यार्थियों हेतु विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन समय सीमा में किया गया है। बुरहानपुर जिले में संचालित 34 हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी स्कूलों में आई.सी.टी. लैब की स्थापना की गई है, जिसके तहत प्रत्एक शाला को 10 कंप्यूटर, एक प्रिंटर, एक एल.ई.डी. टीवी तथा एक डिजिटल पैड प्रदान किए गए हैं। स्मार्ट क्लास योजना के अंतर्गत जिले में 17 हाई स्कूल/हाई सेकेंडरी स्कूलों में दो-दो इंटरएक्टिव पैनल व दो बालिका छात्रावासों में एक-एक इंटरएक्टिव पैनल प्रदान कर, विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से अध्यापन की सुविधा प्रदान की गई है। इसी प्रकार शिक्षक-शिक्षिकाओं को ऑनलाइन शिक्षा सुविधा से जुड़ने के लिए प्रति शिक्षक 10 हजार रुपए के मान से टैबलेट क्रय हेतु राशि प्रदान की गई, जिसके तहत 452 शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा टैबलेट क्रय किए गए। साथ ही रोजगारोन्मुखी शिक्षा भी प्रदान की जा रही है।

### 14 से 28 जनवरी के मध्यश इंदौर जिले में मनाया जाएगा आनंद उत्सव

**इंदौर।** जीवंत सामुदायिक जीवन नागरिकों की जिन्दगी में आनंद का संचार करता है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य आनंद संस्थान-आनंद विभाग के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा 14 से 28 जनवरी के मध्य इंदौर ज़िले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आनंद उत्सव मनाया जाएगा। आनंद उत्सव का उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के लिए समूह स्तर पर खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं वरन सहभागिता होगी। आनंद उत्सव, नगरीय और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे। आनंद उत्सव में प्रमुख रूप से स्थानीय तौर पर प्रचलित परम्परागत खेल-कूद जैसे कबड्डी, खो-खो, बोरा रेस, रस्सा कसी, चेअर रेस, पिठ्ठू, सितोलिया, चम्मच दौड़, नीबू दौड़ आदि तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोक संगीत, नृत्य, गायन, नाटक आदि एवं स्थानीय स्तर पर तय अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे ।

### कचरा प्रबंधन में लापरवाही करने पर पंचायत सचिव की रोकी वेतनवृद्धि

**इंदौर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन द्वारा इंदौर ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में स्वच्छता गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली गई। उन्होंने स्वच्छता के सभी घटकों पर सचिवों एवं सरपंचों से चर्चा की। नगर निगम क्षेत्र से लगी हुई ग्राम पंचायतों देवगुराडिया, दूधिया, सनावदिया, नैनोद, बांक, रंगवासा, सिंहासा, केलोद हाला, मांगलिया,भाँगया आदि पंचायतों के सचिवों एवं सरपंचों के साथ बैठक कर इन गाँवों में स्वच्छता गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ भी उपस्थित रहे। भविष्य में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 संभावित होने से इन गाँवों का कचरा शहरी सीमा में आने से इसके प्रबंधन की आवश्यकता को देखते हुए इन पंचायतों में स्वच्छता के लिए की जा रही प्रक्रिया एवं संसाधनों का आंकलन बैठक में किया गया। बताया गया कि कुछ ग्राम पंचायतों में अभी भी आवश्यक संसाधन जैसे कचरा गाड़ियां और सफाई कर्मियों की और आवश्यकता है। विशेषकर शहरी क्षेत्र से लगी ग्राम पंचायत में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था व ग्राम पंचायत से निकल रहे कचरे का निष्पादन समय सीमा में किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

# स्वच्छता के साथ सुंदरता में भी पीछे नहीं है हमारा इंदौर

## आने वाले कई साल को ध्यान में रखकर किए जा रहे हैं विकास कार्य, एक साल के दौरान विकास कार्यों में हुई है कई गुना बढ़ोतरी, योजनाओं का लाभ लेना भी आमजन के लिए हुआ आसान

इंदौर • सिंघम रिपोर्टर

देश में स्वच्छता का लगातार परमच लहराने वाला हमारा इंदौर, विकास कार्यो के साथ ही सुंदरता में भी पीछे नहीं है। जो विकास कार्य किए जा रहे है, उससे आने वाले कई सालों तक शहरवासियों को फायदा मिलेगा। जब शहर के सभी ओव्हर ब्रिज बनकर तैयार हो जाएंगे तब तो वाहन सरपट दौडेंगे, इससे कई मार्गो पर वाहन चालकों को जाम से भी मुक्ति मिलेगी।

इंदौर का नगर निगम हो, इंदौर विकास प्राधिकरण हो या फिर जिला प्रशासन हो, सभी के अधिकारी-कर्मचारी एकजुट होकर शहर के विकास कार्य में जुटे हुए है। कई विकास कार्य तो ऐसे करवाए जा रहे है जहां दिनरात कार्य चल रहा है। विकास भी ऐसा जो शहर के एक-दो मार्गो पर नहीं, अधिकांश मार्गो पर लोगों को नजर आता है। कहीं फ्लाय ओव्हर का निर्माण कार्य चल रहा है या हो चुका है, तो कहीं सड़क के आसपास की दीवारों पर आर्कषक चित्रकारी की गई है। उक्त चित्रकारी में कई जगह तो इंदौर की धरोहर को भी दर्शाया गया है, जो शहर में आने वाले मेहमानों को खुब भाती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आने के बाद शहर के विकास कार्यो में कई गुणा बढ़ोत्तरी हुई है। अब आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ लेना भी काफी आसान काम हो गया है, कई पात्र लोग सरकारी सहायता मिलने से खुश है।

**नवाचार में भी काफी आगे है इंदौर-** स्वच्छ शहर इंदौर हमेशा से कुछ न कुछ नवाचार करने वाले शहरों में शुमार है, इंदौर में एक नवाचार किया था जिसे पूरे देश में लोगों ने सराहा था। इंदौर में अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर विश्राम बाग में 21 टन लोहे के कबाड़ से राम मंदिर की प्रतिकृति तैयार की गई थी, इसे बनाने में पांच मुस्लिम कारीगरों का विशेष योगदान रहा था। इस प्रतिकृति की ऊंचाई 27 फीट, चौड़ाई 26 फीट और लंबाई 40 फीट है, वहीं 20 मजदूरों ने तीन महीने दिन रात काम किया था और इसे तैयार किया था। कारीगरों ने इसमें इलेक्ट्रिसिटी के पोल, बगीचों में से निकलने वाले झूलों का स्क्रैप, गाड़ियों के नट बोल्ट आदि का उपयोग किया है। ऐसा ही एक नवाचार शहर के गीता भवन चौराहे पर भी किया गया है। राज्य की सांस्कृतिक पहचान से जुड़े सांची स्तूप के दक्षिणी द्वार की यह प्रतिकृति 15 फुट ऊंची, 10 फुट चौड़ी और 1.60 फुट मोटी है। प्रतिकृति को बनाने में लोहे की चादर, लोहे के पाइप, पुरानी मोटरसाइकिल की चेन व अन्य कलपुर्जे, नट-बोल्ट, पुरानी व्हीलचेयर और लोहे के अन्य सामान के करीब एक टन कबाड़ का इस्तेमाल किया गया है।




### सौंदर्यीकरण का बेहतर उदाहरण नर्मदा चौराहा

इंदौर की सुन्दरता में निखार के लिए चौराहों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी हाथ में लिया गया है। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लोकार्पित नर्मदा चौराहा इसका बेहतर उदाहरण है। इस चौराहे के सौंदर्यीकरण के तहत मां नर्मदा की प्रतिकृति, शंख फाउंटेन और महेश्वर का किला आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। इस चौराहे पर मां नर्मदा की 8 फीट ऊंची प्रतिकृति स्थापित की गई है। इसकी चौड़ाई 8 फीट है। इस प्रतिकृति के नीचे मगर की प्रतिकृति भी है। मां नर्मदा की यह प्रतिकृति अष्ट धातु से बनी है, जिसे ग्वालियर के आर्टिस्ट अनुज राय ने तैयार किया है। चौराहे का निर्माण दो फेज में किया जा रहा है और इसे अलग-अलग थीम पर तैयार किया जा रहा है। एक आइलैंड पर महेश्वर का किला और दूसरे आइलैंड पर भेड़ाघाट की प्रतिकृति, शंख फाउंटेन और अन्य आकर्षक आकृतियां दिखाई दे रही है। इन आकृतियों और स्ट्रक्चर को एमएस धातु से तैयार किया गया है। एक खास बात यह है कि यह पूरा स्ट्रक्चर मूवेबल है, यानी यदि भविष्य में चौराहे को स्थानांतरित करने की आवश्यकता पड़ी, तो इसे आसानी से शिफ्ट किया जा सकता है। नर्मदा परिक्रमा की जानकारी को भी चौराहे पर आकर्षक रूप से प्रदर्शित किया गया है।

**कुमेड़ी का बस स्टैंड, इंदौर के लिए बड़ी सौगात-** शहर के ट्रैफिक को ठीक करने के लिए यात्री बसों को शहर के बाहरी हिस्से से चलाने की कवायद चल रही है। जल्द ही शहर को कुमेड़ी स्थित आईएसबीटी (बस स्टैंड) की बड़ी सौगात मिलने वाली है। कुछ समय बाद यहां से सैकड़ों यात्री बस आना जाना करेगी। यह बस स्टैंड कुमेड़ी क्षेत्र में 15 एकड़ क्षेत्रफल में इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा बनवाया गया है। यह टर्मिनल सिंहस्थ के लिए भी बड़ी सौगात होगा। इसके माध्यम से यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधाएं मिलेंगी। बताया जा रहा है कि आईएसबीटी पर लगभग 1440 बसें 24 घंटे में आएगी और जाएगी। बस टर्मिनल पूर्णतः वातानुकूलित व सर्वसुविधायुक्त बना है।

**ग्रामीण अंचल में जाकर नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा दे रहे हैं इंदौर के डॉक्टर-** इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह के प्रयासों से, इंदौर संभाग के विभिन्न जिलों में, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में, लगभग 63693 लाभार्थियों का निःशुल्क इलाज किया गया। स्क्रीनिंग के दौरान, जिन मरीजों में गंभीर बीमारियां पाई गईं, उन्हें चयनित कर, बड़े अस्पतालों में उपचार के लिए भेजा गया। ऐसे में, जो लाभार्थी, आर्थिक या अन्य परिस्थितियों के चलते, इलाज कराने में असमर्थ थे, उन्होंने डॉक्टर्स और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंनेइस पहल को बेहद सराहा। भविष्य में भी, ऐसे निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की कामना की। इन शिविरों में कुल पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या 63 हजार 699 रही। विशेष चिकित्सकों की संख्या 500, नर्सिंग स्टाफ की संख्या 902, सोनोग्राफी की कुल संख्या 2127, मैमोग्राफी 174, एक्स-रे 108, और ईसीजी 397 किए गए। साथ ही, ब्लड टेस्ट की कुल संख्या 11 हजार 735 रही। नेत्र संबंधी जांचें 2024, कान संबंधी जांचें 1677और अन्य जांचें 10 हजार 512 की गईं। तथ्यों के अनुसारः ञ्चस्य के मामले 345, हृदय संबंधित रोग 367, कुपोषण के प्रकरण 76, कैंसर रोग 35, स्त्री रोग 2952, उच्च रक्तचाप के प्रकार 2703, डायबिटीज 2203तथा सिकल सेल 1483, थैलेसीमिया के मामले 38 तथा अन्य बीमारिया 7 हजार 577 प्रकरण इन शिविरों में निकल कर आए।

# जनकल्याण अभियान के तहत स्कूल स्तर पर बनेंगे बच्चों के जाति प्रमाण पत्र

## कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

इंदौर • सिंघम रिपोर्टर



कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए है कि जनकल्याण अभियान अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। अभियान के तहत जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए स्कूलों की मदद ली जाए। स्कूल स्तर पर आवेदन पत्र एकत्रित कर बच्चों को जाति प्रमाण पत्र बनाकर दिए जाए। शीत लहर को देखते हुए, रैन बसेरों में फुटपाथ पर रहने वाले लोगों, अन्य जरूरतमंद बुजुर्गों तथा राहगीरों के ठहराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सभी अधिकारी दल बनाकर रात्रि भ्रमण करें और समुचित व्यवस्था करें।

कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टी.एल.) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर गौरव बेनल, रोशन राय, राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने समय-सीमा के पत्रों, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में निराकरण में अधिकारी अपने-अपने विभागों की रैंकिंग में सुधार किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 50 दिन से अधिक की लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को अनिवार्य रूप से देखें तथा प्राप्त आवेदनों को संतुष्टि के साथ सकारात्मक तरीके से निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने राज्य शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं, जनकल्याण अभियान की प्रगति की विभागवार प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए की जनकल्याण अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। लक्ष्य के अनुसार शिविर आयोजित किए जाएं तथा शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण हो। आवेदनों के निराकरण में गति लायी जाए। जनकल्याण अभियान के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए स्कूलों की मदद ली जाए। स्कूलों से आवेदन पत्र एकत्रित कर संबंधित एसडीएम को भेज कर जाति प्रमाण पत्र बनवाए जाए, इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने कहा कि घुमक्कड़, अर्ध घुमक्कड़ एवं विमुक्त जाति के लोगों के प्रमाण पत्र बनाए जाने के कार्य को भी प्राथमिकता दी जाए। बैठक में सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर नगर निगम द्वारा 14 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित किया जाए। इस कार्यक्रम में भारतीय परंपरागत खेलों के साथ ही अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किए जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ध्वनि नियंत्रण अधिनियम का प्रभावी पालन सुनिश्चित कराया जाए। इस संबंध में दिशा निर्देश देने के लिए डीजे संचालकों की बैठक भी अतिशीघ्र आयोजित की जाएगी। उन्होंने नगर निगम तथा सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि इंदौर में शीत लहर को देखते हुए फुटपाथ पर रहने वाले बुजुर्गों सहित अन्य व्यक्तियों और राहगीरों के लिए रैन बसेरे में ठहराने की उचित व्यवस्था की जाए, इसके लिए संयुक्त दल बनाकर आज सोमवार को विशेष अभियान संचालित करें। किसी भी फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह यह सुनिश्चित करें कि किसानों को निर्धारित मानक और गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक औषधी प्राप्त हो। औषधि, बीज और खाद भी विक्रेताओं की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाए। बैठक में उन्होंने बताया कि ÷युवा शक्ति मिशन÷ के अंतर्गत जिले में युवा संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसमें प्रत्येक वर्ग के युवा के लिए संवाद कार्यक्रम होंगे। ÷युवा शक्ति मिशन÷ को ओर अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए युवाओं से सुझाव भी लिए जाएंगे। साथ ही युवा शक्ति मिशन की गतिविधियों को विस्तारित करने के लिए ब्रांड एंबेसेडर भी बनाए जाएंगे।



# भिक्षुकों की सूचना देने वालों को जिला प्रशासन ने किया पुरस्कृत

इंदौर • सिंघम रिपोर्टर

इंदौर भिक्षुक मुक्त शहर बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। इंदौर जिले को भिक्षुक मुक्त बनाने की कलेक्टर आशीष सिंह की अभिनव पहल जारी है। इस पहल के तहत भिक्षा मांगने वालों की सूचना देने वाले नागरिकों को पुरस्कृत किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

कलेक्टर आशीष सिंह आज ने भिक्षुकों की सूचना देने वाले 8 नागरिकों को एक-एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। इसके पूर्व भी इसी तरह भिक्षावृत्ति करने वालों की सूचना देने वाले 14 नागरिकों को कलेक्टर द्वारा एक-एक हजार रुपए की राशि देकर पुरस्कृत किया जा चुका है। भिक्षावृत्ति की सूचना देने वाले अब तक 22 नागरिकों को पुरस्कृत किया गया है और यह क्रम लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि इंदौर जिले को शीघ्र ही भिक्षावृत्ति मुक्त जिला घोषित किया जाएगा। इंदौर कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर आशीष सिंह ने भिक्षावृत्ति की सूचना देने वाले दिव्यांश हाडा, रूपेंद्र यादव, शारदा टिकलिया, कन्हैया लाल यादव, नितिन दुबे, प्रफुल्ल इंगले, हिमांशु सभरवाल और लकी धार वानिया को एक-एक हजार रुपए की सम्मान निधि प्रदान की। जिला प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि इंदौर में भिक्षावृत्ति करने वालों की सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी दिनेश मिश्रा के (मोबाईल नंबर- 9691494951) पर दे सकते हैं। सूचना सत्यापन के दौरान जानकारी सही पाई जाती है तो संबंधित व्यक्ति को एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

### सड़क सुरक्षा जनजागरुकता अभियान

**इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान चलाया गया , जिसमें आरटीओ की टीम ने सत्यसाईं चौराहा, विजयनगर रसोमा चौराहा पर हेलमेट पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों और सीटबेल्ट लगाने वाले कार चालकों का फूल देकर अभिनन्दन किया। साथ ही अन्य सभी वाहन चालकों से अपील की कि वह यातायात नियमों का पालन करें। रोंग साइड वाहन न चलाएं,शराब पीकर वाहन न चलाएं,यातायात के सभी नियमों का पालन करें। यातायात नियमों का पालन करने वालों का गुलाब के फूलों से अभिनन्दन किया गया।

# कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना व सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना से क्षिप्रा में प्रवहमान होगा अविरल जलः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने 32 मीटर गहरे बामोरा ग्राम स्थित शाफ्ट-3 में उतरकर निर्माणाधीन टनल का किया निरीक्षण, राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों के उल्लेखनीय योगदान व राष्ट्र प्रेम की भावना की सराहना

इंदौर • सिंघम रिपोर्टर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए निर्माणाधीन कान्ह क्लोज डक्ट डायवर्जन परियोजना का उज्जैन के ग्राम बामोरा स्थित 32 मीटर गहरे शाफ्ट-3 की निर्माणाधीन टनल में उतरकर कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता, समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत कान्ह क्लोज डक्ट डायवर्जन परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस योजना से हमारे कई वर्षों का संकल्प मूर्त रूप लेगा। इस परियोजना से कान्ह का दूषित जल क्षिप्रा के किसी भी तट पर नहीं मिलेगा। कान्ह नदी का पानी शुद्धिकरण के बाद गंभीर नदी के डाउन-स्ट्रीम तक पहुंचाया जाएगा जिससे किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी भी मिल पाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टनल में कार्यरत श्रमिकों से संवाद कर कुशलक्षेम जानी

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने टनल में उतरकर कार्यरत श्रमिकों से संवाद कर उनकी कार्यशैली, जीवन चर्या व कार्य का समय और उनकी कुशलक्षेम जानी। श्रमिकों ने मुख्यमंत्री डॉ.यादव की सहृदयता व संवेदनशील व्यवहार देखकर उनसे खुलकर चर्चा की। श्रमिकों ने कहा कि वह माता क्षिप्रा को स्वच्छ करने वाली इस परियोजना के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर देश के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। इस बात पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने



श्रमिकों के देश निर्माण में उल्लेखनीय योगदान व देश प्रेम की भावना की सराहना की। इसके पूर्व एसीएस डॉ. राजेश राजौरा के द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.यादव, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल व नगर निगम सभापति कलावती यादव को योजना संबंधी सोमवार तक के कार्य प्रगति की जानकारी दी। कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना का भूमि-पूजन भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जून 2024 में किया गया था। यह परियोजना सितंबर 2027 तक पूर्ण होगी। इसमें कार्य करने वाली एजेंसी द्वारा 15 वर्षों का संचालन तथा रख-रखाव का प्रावधान किया गया है। इससे क्षिप्रा नदी होकर सतत् प्रवहमान होगी। स्वच्छ व निर्मल इसमें कान्ह नदी का दूषित जल नहीं मिलेगा। उक्त परियोजना की कुल लंबाई 30.15 किमी होगी, जिसमें 12 किमी लम्बी टनल होगी व 18.15 किमी कट एंड कवर भाग होगा। कान्ह डायवर्जन क्लोज डक्ट परियोजना निर्माणाधीन है जिसके कट एंड कवर भाग में खुदाई एवं पीसीसी कार्य, टनल भाग में चार शाफ़्ट के माध्यम से वर्टिकल एवं हॉरिजॉन्टल खुदाई का कार्य एवं कास्टिंग यार्ड में प्री-कास्ट सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य प्रगतिरत है। परियोजना के शुरुआती 6.90 कि. मी. कट एंड कवर भाग में खुदाई एवं पीसीसी कार्य प्रगतिरत है। परियोजना अंतर्गत उपयोग में लाए जाने वाले प्री-कास्ट सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य ग्राम गंगेडी में स्थित कास्टिंग यार्ड में जारी है।

प्री-कास्ट सेगमेंट्स को कास्टिंग यार्ड से परियोजना के एलाइनमेंट तक पहुंचाने एवं पीसीसी बेड पर रखने तथा आपस में जोड़ने का कार्य जल्द ही प्रारंभ होगा। परियोजना के टनल भाग अंतर्गत चार शाफ़्ट क्रमशः ग्राम पालखेड़ी, चिंतामन जवासिया, बामोरा एवं देवराखेड़ी में स्थित है। शाफ़्ट नंबर 01 एवं 02 में वर्टिकल खुदाई का कार्य प्रगतिरत है तथा शाफ़्ट नंबर 03 एवं 04 में वर्टिकल खुदाई पूर्ण की जा चुकी है एवं हॉरिजॉन्टल खुदाई का कार्य प्रगतिरत है।

# इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में झाबुआ के सुशील बाजपेई ने जीता सिल्वर मेडल, युवाओं को दी प्रेरणा

सिंघम रिपोर्टर ❐ झाबुआ

इंदौर में 11 और 12 जनवरी 2025 को गोल्डन 1 बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन मध्यप्रदेश राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा लेक व्यू गार्डन राजवाड़ा इंदौर में मिस्टर इंडिया बॉडीबिल्डिंग जूनियर , सीनियर क्लासिक ,मास्टर बॉडी बिल्डिंग एवं में फिजिक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रतियोगिता को खास बनाया। इसमें झाबुआ जिला बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव गुलाब सिंह एवं अध्यक्ष कार्तिक नीमा ने बताया गया कि झाबुआ जिला बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के माध्यम से झाबुआ जिले से 3 प्रतिभागी ने हिस्सा लिया था। जिसमें जूनियर में सागर यादव , सीनियर में कुलदीप सिंह, एवं मास्टर कैटेगरी में झाबुआ जिले के ईरान गेम्स के आइकन सुशील बाजपई जी ने हिस्सा लिया। जिसमें सागर यादव और कुलदीप सिंह ने टॉप 10 में जगह बनाई और फाइनल तक पहुंचे वही मास्टर्स में आयरन मन सुशील बाजपई जी ने राष्ट्रीय स्तर पर कड़ी टक्कर देकर सिल्वर मेडल जीता। मात्र कुछ अंकों की वजह से द्वह्र. द्वठ्ठस्र्द्बठ्ठ बनने से चुके। झाबुआ जिले के एक मात्र ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने अनेकों चैंपियनशिप जीती। लगातार 3 बार द्वह्र.द्वश्च का खिताब जीत चुके है । वर्तमान में नेशनल में सिल्वर मेडल जीत कर जिले को ओर शहर को गौरवान्वित किया । जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अनुसार खिलाड़ी किसी भी जीम में तैयारी कर सकते है और खेल में हिस्सा ले सकते है । जिला बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन की सहयोगी संस्थाएं है जय बजरंग व्यायामशाला, शक्ती युवा मंडल जिनके माध्यम से आयरन गेम्स में खिलाड़ियों को मौका दिया जाता है।जिससे जिले में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होते है। इस प्रतियोगिता में झाबुआ के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयरन गेम्स मेडलिस्ट सुशील बाजपेई ने 50+ आयु वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। सुशील बाजपेई की इस उपलब्धि ने युवाओं में जोश और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया है।




## खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर प्रेरणा दे रहे हैं सुशील बाजपेई

जय बजरंग व्यायामशाला के सचिव गुलाब गुंडिया ने बताया कि मास्टर्स वर्ग में देशभर से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे बताया कि हमारे कोच सुशील बाजपेई जय बजरंग व्यायामशाला में खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। उनकी मेहनत और समर्पण का ही नतीजा है कि इस व्यायामशाला एवं जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहे हैं।

## मास्टर्स प्रतियोगिता का आयोजन और उपलब्धि


प्रतियोगिता में मास्टर्स वर्ग में सुशील बाजपई ने अपने प्रदर्शन से यह साबित किया कि उम्र केवल एक संख्या है। सुशील बाजपेई ने अपनी मेहनत और लगन से 50+ आयु वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर न केवल झाबुआ बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया। उन्होंने अपनी सफलता के पीछे नियमित प्रशिक्षण, सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास को जिम्मेदार ठहराया।

## फिटनेस के प्रति युवाओं को जागरूक करने का प्रयास

सुशील बाजपेई का कहना है कि फिटनेस केवल शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नियमित व्यायाम करें और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। झाबुआ जिले के इस खिलाड़ी को सिल्वर मेडल जीतने पर नगर के वरिष्ठ जन श्री राजेंद्र जी यादव , यशवंत जी भंडारी , दिनेश जी सक्सेना , संजय जी काठी , नीरज जी राठौर ,प्रदीप जी रूनवाल , शक्ति युवा मंडल, जय बजरंग व्यायामशाला,रोटरी क्लब ,सामाजिक महासंघ , खेल विभाग , ओर अन्य खेल संगठनों ने बधाई दी ।

## सिंघम लेटेस्ट

### डॉ रामशंकर चंचल की कविता अकेला होना एक लाख द्वारा सुन सराही गई



**झाबुआ,सिंघम रिपोर्टर।** मध्यप्रदेश के महान साहित्य साधक डॉ रामशंकर चंचल ने कई इतिहास रचे हैं पचास सालों से सतत् कर्म करते हुए साहित्य साधना तपस्या करते हुए न केवल झाबुआ जिले को गर्व महसूस कराया बल्कि संपूर्ण देश को विश्व पटल पर दस्तक देते हुए हिन्दी ओर साहित्य जैसे गहन गंभीर विषय पर नाम दिया है आज नई कविता ने उनकी उनके ही अद्भुत स्वर में एक इतिहास रचा है एक लाख द्वारा सुन कितनो को सुनाई गई यह कविता प्रकृति प्रेम प्यार लिए आज के समय को सत्य को सामने रखते हुए अकेले रहना हो प्रसन्न हो जीना का अद्भुत संदेश देती पूरे विश्व पटल पर अभी तक एक लाख द्वारा सुन बेहद सराही गई । टैगोर की रचनाओं से तुलना करती रूमानी प्रेम प्यार की कमाल कालजयी कविता बन गई है । प्रतिदिन सैकड़ों लोगों द्वारा उन्हें बधाई दी जा रही है जो सचमुच वंदनीय है झाबुआ जिले के लिए आदिवासी पिछड़े अंचल के लिए।

### नाबालिक वाहन चालकों के परिजनों के विरुद्ध कार्रवाई

**झाबुआ,सिंघम रिपोर्टर।** पुलिस अधीक्षक झाबुआ श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबुआ श्री प्रेमलाल कुर्वे के मार्गदर्शन में,थाना प्रभारी यातायात निरी. राजुसिंह बघेल की पुलिस टीम द्वारा नाबालिक वाहन चालकों के परिजनों को बुलाकर उनके विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार वाहन चलाने व नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से नागरिकों को परेशानी हो रही है। नागरिकों की ओर से सामने आई शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में शहर की सड़कों पर स्पीड लिमिट, मोडिफाइड साइलेंसर, लाइसेंस आदि को चैक किया जाकर नाबालिग वाहन चालकों के परिवारजन व वाहन मालिको के विरूध्द यातायात नियम का उल्लंघन करने पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। कृपया जिम्मेदार नागरिक बनें, यातायात नियमो का पालन करे, सावधानी से वाहन चलायें, स्वयं सुरक्षित रहे व दुसरो को सुरक्षित रखें।

### मनोज पंवार बने बेंड एसोशिएशन के नवीन अध्यक्ष



**मंदसौर,सिंघम रिपोर्टर।** मंदसौर बेंड यूनियन 2025-26 सत्र के लिए मंदसौर के समस्त बेंड संचालको की शहर के नई आबादी स्थित संजय गाँधी उद्यान परिसर मे एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बेंड संचालको व जिला प्रमुख रामेश्वर गंधर्व द्वारा मतदान प्रक्रिया से मनोज पंवार बेंड एसोशिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित किये गए ।एवं नवनिर्मित समिति की कार्यकारिणी घोषित की गयी। ललित गंधर्व द्वारा बताया गया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति मे उपाध्यक्ष साबिर शाह, सचिव युसूफ शाह, कोषाध्यक्ष सद्दम अंसारी, संगठन मंत्री जमड़ा, को गठित किया गया। एवं समिति के इन सभी पदाधिकारियों का पदाभार ग्रहण किया गया ।इस नवीन कार्यकारिणी समिति के गठन के पश्चात् कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें इवेंट ऑर्गेनाइसर,रिसोर्ट व दलाल के द्वारा बैंड बुक नही किये जावेगे ।बेंड बुकिंग की न्यूनतम राशि तय की गयी। बेंड की समय सीमा तय की गयी। एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार रात्रि दस बजे बाद बेंड ना बजाने का निर्णय लिया गया। एवं चल समारोह के दौरान डीजे पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रशासन से मांग करने का निर्णय लिया गया।

# संघ के शताब्दी वर्ष में स्वदेशी, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य - श्री चौधरी

## सहकार भारती का 46वां स्थापना दिवस मनाया गया

सिंघम रिपोर्टर ❐ धार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सहकार भारती का 46वां स्थापना दिवस कार्यक्रम गढ़ कालिका मंदिर परिसर धार में मनाया गया। जिसमें सहकारिता से आर्थिक स्वावलंबन पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाहक श्री अरविंद चौधरी थे। अध्यक्षता सहकार भारती के धार जिला अध्यक्ष श्री सुरेश माहेश्वरी ने की।वही विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक व पूर्व दुग्ध संघ इंदौर के अध्यक्ष श्री करणसिंह पंवार के विशेष आतिथी के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ध्वज वंदन और भारतमाता और सहकार भारती के संस्थापक डॉक्टर लक्ष्मणराव ईनामदारजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रारंभ में अतिथि परिचय सहकार भारती के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत ठाकरे द्वारा दिया गया व संगठन मंत्र,संगठन गीत की प्रस्तुति श्री मनीष जैन के द्वारा दी गई।सहकार भारती का परिचय उद्बोधन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री गोविंद मुकादम ने दिया और विस्तारपूर्वक सहकार भारती के लक्ष्य और सुचितापूर्ण पारदर्शी सहकारिता के ध्येय के बारे बताया। उन्होंने बताया कि सहकार भारती की स्थापना लक्ष्मणराव ईनामदार साहब ने 11 जनवरी 1978 को पुणे से की थी और वर्तमान में पूरे देश में इसकी 657 जिलों में शाखाएं है और सहकारिता क्षेत्र में कार्यरत सबसे बडा और प्रमुख संगठन है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह श्री श्री अरविंद चौधरी ने संघ के द्वारा समाज में विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से सेवा साधना, व्यवहार साधना,सुचितापूर्ण जीवनशैली, स्वदेशी,पर्यावरण,समत्व एक जल स्त्रोत, एक देवालय, एक मुक्तिधाम जैसे कई समाज को एकाकार करने के मंत्रों को उपस्थित सहकार साथियों तक अपने उद्बोधन के माध्यम से पहुंचाया।उन्होंने कहा कि संघ का यह शताब्दी वर्ष चल रहा है,पंच परिवर्तन में आधार पर स्वदेशी, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। विशेष अतिथि श्री करणसिंह पंवार ने सहकारिता के गूढ़ चरित्र की व्याख्या करते हुए सहकारिता में पूर्ण समर्पण के भाव को जनकल्याण का माध्यम बनाने का आव्हान किया। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे श्री सुरेश माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में संगठन संरचना का विस्तारपूर्वक वर्णन किया और समस्त पैक्स इकाईयों तक सांगठनिक संरचना पूर्ण करने के लक्ष्य को सभी सहकार बंधुओ के सहयोग से मूर्त रुप देने का संकल्प बताया। कार्यक्रम में मातृ शक्ति के रूप में भावना पंवार, सुनीता देवासकर, राखी मित्तल, उत्तरा विश्वास, सीमा शुक्ला, उषा जायसवाल, वंदना हरोरे, लक्ष्मी पटेल आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन जिला संपर्क प्रमुख श्री मनीष जैन ने किया तथा अंत में आभार वरिष्ठ सहकार साथी शिवपाल आर्य ने माना।





# अंशुमन हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

सिंघम रिपोर्टर ❐ देपालपुर

अंशुमन हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव आईपीसी बैंक के पूर्व अध्यक्ष उमा नारायण पटेल, बाल अधिकार आयोग के सदस्य राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त श्रीमती सोनम निनामा, पूर्व विधायक विशाल पटेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रूपसिंह नागर,भाजपा जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा, नगर परिषद देपालपुर के पूर्व अध्यक्ष चंद्रजीत यादव, सोहनलाल परमार, बीआरसी श्री माता प्रसाद गोड, योगेंद्र गीते, संजय चेतवानी, भवानी शंकर व्यास ए बी ई पी के शैलेंद्र चौहान के आतिथ्य में संपन्न हुआ। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां प्रेषित की गई। सभी अतिथियों द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को राष्ट्र निर्माण एवं पढ़ाई में श्रेष्ठ स्थान पर आने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती प्रीति ब्रजमोहन व्यास ने अपने जन्मदिन पर सेवा भारती द्वारा संचालित जीवन उमंग बालिका छात्रावास की बालिकाओं के शैक्षणिक विकास एवं भोजन के लिए 2100 की राशि प्रदान की।

अतिथियों द्वारा श्रीमती व्यास का केसरिया दुपट्टा डालकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र- छात्राएं, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री बसंत यादव एवं आभार श्री ब्रजमोहन व्यास ने माना।

# प्रयागराज महाकुम्भ :तंत्र क्रिया के नाम पर मंदसौर के ढोंगी बाबाओ ने प्रयागराज के युवक के साथ लाखों की ठगी

मंदसौर❐ सोनू गुप्ता

मंदसौर के बेलारा गांव में बने शमशान घाट पर अघोर आश्रम के संतो ने किया 2 युवक के साथ लाखों रुपए की दो तंत्रिका होने की ठगी पुलिस ने नहीं की सुनवाई उसी से परेशान होकर दो युवक एसपी कार्यालय मंदसौर जिले के बेलारा गांव में दो तांत्रिकों ने तंत्र क्रिया के नाम पर दो युवक के साथ ठगी की है और दोनों युवक ने कार्यवाही को लेकर एसपी कार्यालय पर एवं थाने पर इसकी शिकायत की गई पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की उसी के विरोध में हाथों में पेट्रोल की बोतल लेकर पहुंचे और अपने ऊपर डालने की कोशिश की पेट्रोल को इसके बाद मौजूद कर्मियों ने पेट्रोल की बोतल छीन ली प्रज्ञाराज के रहने वाले नीलेश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि मेरे साथ तंत्र क्रिया के नाम पर बेलारा गांव में शमशान घाट के पास आश्रम बना हुआ है जहां पर मंगलनाथ अघोरी एवं नरेंद्र नमक आश्रम चला रहे हैं और लोगों को तंत्र क्रिया के नाम पर पैसे लूटने का काम कर रहे हैं और इन तांत्रिकों के चक्कर में दो व्यक्ति आ गए और निवेश द्विवेदी नामक युवक ने 2 लाख 10 दिए एवं राजस्थान के बुद्धि प्रसाद नामक व्यक्ति के साथ भी 1 लाख 8 रुपए की धोखाधड़ी की गई है तंत्र क्रिया के नाम पर और पैसे मांग रहे हैं तो दोनों तांत्रिकों ने कहा कि तुम्हारे पीछे भूत छोड़ देंगे इस मामले में पुलिस ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई क्योंकि 12 जनवरी को उसका वीडियो बनाकर फरियादी नितेश द्विवेदी द्वारा वायरल कर दिया था फरियादी की शिकायत पर कार्यवाही की जाएगी मीडिया से चर्चा करते हुए सोमवार को बताया गया।

## युवक का कहना है

यह मैं प्रयागराज का रहने वाला हूं मंगलनाथ बोरी है और नरेंद्र करके है यह हम लोगों से पैसा मांग रहे हैं वापस तो हम लोगों को गाली देता है और बोलता है तुम्हारे घर का नाश हो जाएगा मैं यहां एसपी साहब के सामने आया था यह दरखास्त लेकर अपनी यहां से मुझे थाने भेजा गया आने पर जो टीआई साहब है वह अच्छे आदमी है मेरा काम किया और कल सुबह में चौकी गया चौकी पर नागर साहब मिलेउन्होंने मेरा सपोर्ट किया लेकिन मंगलनाथ के दलाल आ रहे हैं और बोल रहे हैं कि 10 ले लो और 20 हजार ले लो क्योंकि वह लोग पैसे देने के मूड में नहीं लग रहे हैं इसलिए हम एसपी कार्यालय पर आए हैं।

# राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा भारत के कार्यक्रम मे मंदसौर जिले के दो पत्रकार हुआ सम्मान



**मंदसौर,सिंघम रिपोर्टर।** रतलाम जिले के आलोट में स्वर्णकार धर्मशाला मे इस वर्ष स्वामी विवेकानंद जयंती पर श्रमजीवी पत्रकार संगठन व राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा भारत के तत्ववधान मे आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान मंदसौर जिले के दो पत्रकार रामगढ़ से सीतामऊ ब्लॉक संयोजक कैलाश सूर्यवंशी व दलोदा सगरा से दलोदा ब्लॉक संयोजक मोहित सेन का शील्ड व प्रमाण पत्र से सम्मान किया गया।




# अभाविप द्वारा आयोजित खेल महोत्सव का हुआ समापन

सिंघम रिपोर्टर ❐ सरदारपुर





अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजोद द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती (युवा दिवस) के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन क्रिकेट ग्राउंड साजोद में किया गया । जिसमें प्रमुख रूप से मालवा प्रांत अध्यक्ष मदन सिंह वसुनिया,राजोद थाना प्रभारी हिरूसिंह रावत,अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गौरव साहू , नगर अध्यक्ष दीपक धाक? व नगर मंत्री विनोद जैसवाल उपस्थित रहे। प्रान्त अध्यक्ष मदन सिंह वसुनिया ने बताया कि खेलकूद का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है बल्कि सामाजिक विकास में भी खेल काफी सहायक हैं। खेलों में हिस्सा लेने से आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है ।

वही गौरव साहू ने बताया कि हर छात्र को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि यह न केवल शारीरिक ताकत को बढ़ाता है, बल्कि टीमवर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं का भी विकास करता है विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के हित के लिए व उनके सर्वांगीण विकास के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करती है। इस वर्ष अभाविप राजोद ने 10 जनवरी से 12 जनवरी तक तीन दिवसीय खेल महोत्सव में कबड्डी व क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की थी राजोद क्षेत्र के समस्त शासकीय व अशासकीय विद्यालयों की टीमों ने इसमें भाग लिया है। पहली बार इस तरह की विद्यालय स्तर प्रतियोगिता राजोद में आयोजित हुई , इस खेल महोत्सव में कुल 20 टीमो ने भाग लिया था।

क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में सुराज कान्वेंट स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 80 रन का लक्ष्य रखा , वही लक्ष्य का पीछा करते हुए शक्ति विद्या पीठ के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6.3 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर लिया , वही द्वितीय पुरस्कार सुराज कान्वेंट स्कूल राजोद तथा तृतीय पुरस्कार आदर्श धाकड़विद्या पीठ ने प्राप्त किया। इसी प्रकार कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आदर्श धाकड़ विद्या पीठ , द्वितीय पुरस्कार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीखेड़ी , तृतीय पुरस्कार सुराज कान्वेंट स्कूल राजोद ने प्राप्त किया।




सिंघम टाईम्स- स्वामी, संपादक, प्रकाशक मुद्रक गोविंद उपाध्याय के लिए पंकज प्रिंटर्स एवं पैकेजिंग एलयुएन 22 सेक्टर एफ सावेर रोड़ इंड्रस्ट्रीयल एरिया इंदौर से मुद्रित एवं 164 प्रताप नगर रतलाम (म.प्र.) 457001 द्वारा प्रकाशित। सलाहकार संपादक श्रीमती रेखा-बहादुरसिंह राठौर। आर.एन.आई. नं. एम.पी.एच.आई.एन./2012/44610 फोन नं. 230438

प्रकाशचन्द्र रामचन्द्र कसेरा
बर्तन विक्रेता
सभी प्रकार के बर्तन, किचन ओवन, कुकर, प्रेस आदि के विक्रेता
सभी प्रकार के पुराने बर्तन खरीदे व एक्चेंज किए जाते है।
मो. 94240-21415, 98272-10991
श्री सज्जन मिल गेट के पास, रतलाम

श्री सांवरिया ज्यूस सेंटर
समोसा, बैक समोसा एवं सभी प्रकार के ठंडाई ज्यूस मिलने का एक मात्र स्थान
कालिका माता प्रांगण, रतलाम
प्रो. किशोर सोलंकी, मो. 9926462027

# मकर संक्रांति पर किया दान-पुण्य

## सुबह से ही मंदिरों और गोशाला में पहुंचे श्रद्धालुजन

सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम

मकर संक्रांति पर पवित्र नदियों में स्नान, दान, जाप करने का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन सूर्यदेव धनु से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इसलिए इसे मकर संक्रांति कहा जाता है। मकर संक्रांति पर्व पर सुबह से श्रद्धालुओं द्वारा दान-पुण्य करने लगे। गोशाला में गायों को हर चारा, लापसी, गुड़ इत्यादी सामग्री खिलाने के साथ ही जरुरतमंदों को खाद्य सामग्री सहित गर्म वस्त्र देकर पुण्य लाभ कमाया। वहीं मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। दोपहर बाद कॉलोनी और बाजार क्षेत्र में गिल्ली डंडे खेले गए।

मंगलवार को प्रात 8.54 पर धनु राशि से निकलकर सूर्यनारायण भगवान मकर राशि में प्रवेश किया। मकर संक्रांति पुण्यकाल मंगलवार सुबह से शुरू होकर सायंकाल तक रहेंगा। इसमें तीर्थ स्नान, दान, पूजन, जाप, स्वाध्याय का अनन्त पुण्य प्राप्त होता हैं।

ज्योतिषियों की माने तो मकर संक्रांति पर यथा शक्ति सामर्थ्य के अनुसार तीर्थ स्नान व दान करने का अनंत पुण्य प्राप्त होता है। इस दिन किए गए दान से पूर्व के जाने अनजाने हुए अपराध स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं साथ ही इस दिन यथासामर्थ अनुसार स्वाध्याय के रुप में श्री रामचरितमानस श्रीमद्भागवत गीता व पुराणों का स्वाध्याय अवश्य घर में करना चाहिए, इस दिन दान के रुप में गुड़, मक्का, चावल, ऊनीवस्त्र, तिल, घी, जलाऊ लकड़ी, मुंगफली का दान अवश्य करना चाहिये।



### सूर्य स्नान करना चाहिए

मकर राशि में भगवान सूर्यदेव के प्रवेश के साथ ही इस समय आरोग्यता प्राप्ति के लिए सूर्य स्नान अवश्य कर लेना चाहिए जिससे चर्म रोग, उदर व्याधि, नेत्र पीड़ा और अन्य असाध्य रोगों का स्वतः ही क्षमन हो जाता है, सूर्यस्नान में स्नान उपरांत शरीर पर तिल या सरसों तेल की मालिश करके सूर्य देव के समक्ष बैठकर सूर्य की तपन को ग्रहण किया जाता है। मकर संक्रांति पर पड़ने वाली सूर्य की किरणें शरीर को आरोग्यता प्रदान करने वाली होती है इसीलिए इस पर्व पर ज्यादा से ज्यादा व्यक्ति को घरों में न रहकर सूर्य के प्रकाश में रहना चाहिए।

### अनाज के भावों हो सकती है तेजी

ज्योतिषियों की माने तो मकर संक्रांति सहित ग्रहों कि स्थिति अनुरुप पीले रंग के वस्त्र, चांदी, दूध, दही, घीन, पूजन सामग्री, चमेली का तेल, आभूषण संबंधी वस्तुओ सहित धान्यादि क़े भावों में तेजी जिनमे सोयाबीन , मेथी , तुवर , मक्का , चना , गेंहू , हल्दी , सरसों के मूल्य में वृद्धि होगी!

### तेज हवाओं के साथ होगी बारिस

मकर संक्रांति के बाद 17 को शुक्र पूर्वाभाद्रपद 19 को पूर्व में बुधास्त 21 को वक्री भौम मिथुन राशि में 24 को बुध मकर में प्रवेश होने से ग्रह अनुरुप प्राकृतिक स्थिति में भी परिवर्तन लेकर आएगा। जिसके चलते पश्चिमोत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में तेज हवा के साथ कहीं-कहीं वर्षा की स्थिति निर्मित होगी। शीतलहर में वृद्धि होगी कहीं कहीं शीतकालीन वर्षा के योग भी निश्चित रूप से बनेंगे। सूर्यनारायण के मकर राशि मे प्रवेश के साथ ही मलमास की समाप्ति व रूके हुए विवाहादि शुभ मांगलिक कार्यो का शुभारंभ हो जायेगा जो जून माह तक लगातार चलेंगे। 12 जून से 8 जुलाई तक गुरु अस्त होने से मांगलिक कार्यो पर पुनः विराम लगेगा।

# नामली में हुई नकबजनी की दो अलग अलग वारदातों में लिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार

## सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी सहित तीन लाख रूपये का माल बरामद, 4 आरोपी फरार

सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम

जिले की नामली पुलिस ने नकबजनी की दो अलग अलग वारदातों में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए आरोपियों के कब्जे से सोने चाँदी के जेवरात एवं नगदी सहित तीन लाख रूपये का माल करने में सफलता प्राप्त की है। इन वारदातों में लिप्त चार अन्य आरोपी फ़िलहाल फरार है। पुलिस का दावा है कि इन्हे भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक फरियादी दिनेश पिता रमेशचन्द्र प्रजापति उम्र 32 साल निवासी बंजारा काँलोनी नामली की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपीयों के विरूद्ध मकान का ताला तोड़कर घर में रखे पुराने इस्तेमाली सोने चाँदी के जेवरात एवं नगदी रूपये सहित चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर से अपराध क्रं. 546/2024 धारा 331(4),305 (ए) ब्नहरू कायम कर विवेचना में लिया गया था । इसी प्रकार फरियादी संगीताबाई पति मदन जाति खारोल उम्र 30 साल नि. सेमलिया रोड नामली की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपीयों के विरूद्ध पतासीबाई के घर का ताला तोड़कर पुराने इस्तेमाली जेवरात चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध क्रं. 553/2024 धारा 331(4),305 (ए) BNS कायम कर विवेचना में लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं एसडीपीओ किशोर पाटनवाला के मार्गदर्शन में नामली थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने नकबजनी की इन घटनाओं की खोजबीन के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों तथा मुखबिर सुचना के आधार पर संदेही सुरज पिता बबलु मईडा उम्र 20 साल निवासी ग्राम पिपलवा थाना कोतवाली जिला बांसवाडा राजस्थान व कालु उर्फ गना पिता रामाजी मईडा उम्र 22 साल निवासी ग्राम पिपलवा थाना कोतवाली जिला बांसवाडा राजस्थान को हिरासत में लिया।

संदेहियों से कड़ी पुछताछ करने पर आरोपीयों ने अपने साथी मिथुन पिता काचरिया मिथुन, अक्षय पिता काचरिया, सहदेव पिता राखिया निवासीगण ग्राम पिपलवा थाना कोतवाली जिला बांसवाडा राजस्थान एवं शांतिलाल पिता देवजी चरपोटा व चिकु उर्फ रितिक पिता शांतिलाल चरपोटा निवासी ग्राम निचला घण्टाला थाना कोतवाली जिला बांसवाडा राजस्थान के साथ मिलकर कस्बा नामली में दिनांक 19-20.12.2024 की मध्य रात्री एवं दिनांक 29-30.12.2024 की मध्य रात्री में सुने मकानों के ताले तोड़कर चोरी करना कबूल किया। जिनको गिरफ्तार कर पी.आर. लिया गया। आरोपीयों की तलाश के दौरान शांतिलाल पिता देवजी चरपोटा निवासी ग्राम निचला घण्टाला थाना कोतवाली जिला बांसवाडा राजस्थान को गिरफ्तार कर हिस्से में आये जेवरात एवं नगदी बरामद करने में सफलता पाई हैं।



**गिरफ्तार आरोपी** : सुरज पिता बबलु मईडा उम्र 20 साल निवासी ग्राम पिपलवा थाना कोतवाली जिला बांसवाडा राजस्थान (कुल अपराध -09 ) कालु उर्फ गना पिता रामाजी मईडा उम्र 22 साल निवासी ग्राम पिपलवा थाना कोतवाली जिला बांसवाडा राजस्थान (कुल अपराध -05 ) शांतिलाल पिता देवजी चरपोटा व चिकु उर्फ रितिक पिता शांतिलाल चरपोटा निवासी ग्राम निचला घण्टाला थाना कोतवाली जिला बांसवाडा राजस्थान

**फरार आरोपी** : मिथुन पिता काचरिया मिथुन निवासी ग्राम पिपलवा थाना कोतवाली जिला बांसवाडा, अक्षय पिता काचरिया निवासी ग्राम पिपलवा थाना कोतवाली जिला बांसवाडा राजस्थान, सहदेव पिता राखिया निवासी ग्राम पिपलवा थाना कोतवाली जिला बांसवाडा राजस्थान, चिकु उर्फ रितिक पिता शांतिलाल चरपोटा निवासी ग्राम निचला घण्टाला थाना कोतवाली जिला बांसवाडा राजस्थान

**जप्त मश्रुका** : चाँदी की कड़ी,आवला, मुरखी,सोने के टाप्स,पायल, पेन्डल सूलिया एवं नगदी 88000 रू. कुल किमती 3 लाख के करीबन

**सराहनीय भूमिका** : नकबजनी की वारदातों का खुलासा करने में निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान थाना प्रभारी नामली, निरीक्षक अय्युब खान थाना प्रभारी बिलपांक, निरीक्षक सुरेन्द्र गडरिया थाना प्रभारी माणकचौक, उनि अमित शर्मा, उनि के.के.पटेल, उ नि मुकेश सास्तीय ( चौकी प्रभारी बिरमावल), सउनि योगेश, प्रआर. 919 गोपाल खराडी, प्र.आर.255 दीपक बोरासी, प्र.आर.447 हिमांशु यादव, प्र आर नीलेश पाठक (चौकी सालाखेड़ी), प्र आर शैलेन्द्र सिंह (थाना सरवन) आर. नरवर मईड़ा, आर.माखन,आर.175 कुनाल रावत, आर.1042 मनोज मुजाल्दे, आर.183 अविनाश यादव, आर.556 कुलदीप व्यास, आर.1037 शांतिलाल, आर.548 मनोहर नागदा, आर. सुरेश, आर. किशन की सराहनीय भूमिका रही।

### बसंत पंचमी पर होगा तीन दिवसीय आयोजन

# रतलाम स्थापना गौरव दिवस को लेकर मंत्री काश्यप से समिति ने की चर्चा



सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम

बसंत पंचमी के अवसर पर रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा तीन दिवसीय रंगारंग आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर समिति पदाधिकारी द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप से मिलकर आयोजन की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें बताया कि आगामी 1 से 3 फरवरी तक बसंत पंचमी के अवसर पर रतलाम स्थापना गौरव दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक के दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, समिति संस्थापक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष प्रवीण सोनी एवं महामंत्री मंगल लोढ़ा उपस्थित रहे।

समिति के संस्थापक मुन्नालाल शर्मा ने बताया कि इस बार 3 फरवरी को बसंत पंचमी के दिन रतलाम स्थापना गौरव दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसके तहत होने वाले तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन 1 फरवरी को रत्नेश्वर रोड स्थित रत्नेश्वर महादेव की महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात 2 फरवरी को शहर के नेहरू स्टेडियम में वीर वीरांगना की अलग ही झलक देखने को मिलेगी, जिसमें नारी शक्ति द्वारा शस्त्र कला का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके पश्चात 3 फरवरी, बसंत पंचमी को रतलाम के महाराजा रतन सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रतलाम स्थापना गौरव

रोजगार का सुनहरा अवसर
पार्ट टाइम में फुल टाइम जैसा पैसा
सिंघम टाइम्स समाचार पत्र की एजेंसी एवं वितरण करने वाले युवकों की आवश्यकता है
संपर्क करें
सिंघम टाइम्स कार्यालय
2, स्टेडियम के ऊपर दो बत्ती, रतलाम
मो. 7697740242, 9827360605
5 से 10 हजार रु. तक की आमदानी

# ठेले पर अस्पताल पहुंची प्रसूता और नवजात : गर्भवती की तबीयत बिगड़ी, 8 बार कॉल करने पर भी नहीं पहुंची एंबुलेंस

सिंघम रिपोर्टर ❒ देवास

सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर लाख बार अपनी पीठ थपथपाए लेकिन मैदानी हकीकत कुछ और है। ताजा मामला देवास जिले के खातेगांव का है।

सोमवार को वार्ड नंबर 6 के निवासी और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले अर्जुन मेहंदिया ने गर्भवती पत्नी गयाबाई के पेट दर्द की शिकायत करने पर एंबुलेंस (108) को कॉल किया। जिस पर जवाब मिला कि थोड़ी देर में एंबुलेंस पहुंच जाएगी। लेकिन एंबुलेंस एक घंटे तक नहीं आई।

इस दौरान गयाबाई की प्रसव पीड़ा और बढ़ गई। तब सास और मोहल्ले की बुजुर्ग महिलाओं ने घर पर ही गयाबाई डिलिवरी कराई। उसने एक बच्ची को जन्म दिया। करीब एक घंटे के इंतजार के बाद भी एंबुलेंस नहीं आई तो अर्जुन हाथ ठेले पर पत्नी गयाबाई और नवजात बच्ची को लेकर सरकारी अस्पताल के लिए निकल गए। इसी बीच एक लोडिंग वाले ने मानवता दिखाते हुए अपने वाहन में प्रसूता, नवजात बच्ची और परिजनों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचते ही बच्ची और उसकी मां को एडमिट कर इलाज शुरू किया गया।



### डॉक्टरों ने बताई थी फरवरी की तारीख

अर्जुन ने बताया कि अलग-अलग बार सोनोग्राफी कराने पर डिलीवरी की डेट अलग-अलग बताई थी। किसी में जनवरी के आखिरी हफ्ते और किसी में फरवरी के पहले हफ्ते में डिलीवरी की संभावित तारीख थी। आज सुबह पत्नी को अचानक दर्द होना शुरू हुआ। मैंने 108 पर कॉल कर एंबुलेंस को बुलाया। आधे घंटे बीतने पर भी एंबुलेंस नहीं आई। दर्द ज्यादा बढ़ जाने के कारण मेरी मां सहित मोहल्ले की अन्य बुजुर्ग महिलाओं ने मिलकर घर पर ही डिलिवरी करा दी। मोहल्ले वाले भी एंबुलेंस को फोन करते रहे। लेकिन एंबुलेंस नहीं आई। जिसके बाद दोनों को हाथ ठेले से लेकर अस्पताल के लिए निकले।

### अधिकारी बोले- एंबुलेंस नहीं पहुंचने की होगी जांच

खातेगांव सरकारी अस्पताल के प्रभारी बीएमओ डॉ. आशुतोष व्यास ने बताया कि एसडीएम के माध्यम से जानकारी मिली थी। जिसके बाद हमने एक स्थानीय एंबुलेंस भेजी लेकिन तब तक परिवार अस्पताल परिसर में आ गया था। जच्चाङ्कबच्चा जैसे ही अस्पताल पहुंचा उनका इलाज शुरू कर दिया गया। फिलहाल दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। खातेगांव अस्पताल में अमूमन 2 जननी एक्सप्रेस और एक 108 एंबुलेंस मौजूद रहती है। सेंट्रलाइज्ड कॉल सेंटर से सीधे उनके पास ही केस की जानकारी पहुंचती है। वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाकर इस मामले की जांच करवाएंगे कि एंबुलेंस इतनी देर बाद तक भी क्यों नहीं पहुंच पाई।

RATLAM AIRMAX
27/28, AJANTA TALKIES ROAD, RATLAM (M.P.)
MOB- 9303373333, 9301210121
सबसे सस्ता सबसे अच्छा
SUPER DHAMAKA OFFERS
1 MONTH PACKAGE ONLY INTERNET

| PLAN | VALIDITY | AMOUNT |
|---|---|---|
| 15 MBPS | 1 MONTH | 300/- |
| 30 MBPS | 1 MONTH | 400/- |
| 40 MBPS | 1 MONTH | 500/- |
| 50 MBPS | 1 MONTH | 600/- |
| 100 MBPS | 1 MONTH | 800/- |

1 MONTH PACKAGE WITH TV CHANELS (OTT)

| PLAN | VALIDITY | AMOUNT |
|---|---|---|
| 30 MBPS | 1 MONTH | 600/- |
| 40 MBPS | 1 MONTH | 650/- |
| 50 MBPS | 1 MONTH | 700/- |
| 100 MBPS | 1 MONTH | 900/- |

ZEE5 SONY liv hotstar prime video NETFLIX*
* CONTACT NO. 9303373333, 9301210121
* GET NETFLIX JUST 200 RS. EXTRA